

सलमान खान ने सिद्धार्थ को दीं शादी की शुभकामनाएं ...
पेज 7

# जय हिन्द जनाब

तापमान 27 °C | °F 16 °C | °F

हर नज़र पर ख़बर — हर ख़बर पर नज़र

आर्द्रता 48 % वात 19 KM/H



आगामी त्यौहारों को लेकर अफसरों ने पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा...
पेज 8

वर्ष : 18, अंक : 226 पृष्ठ : 8, मूल्य : 2 रुपए UPHIN/2005/14445 www.jaihindjanab.com नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) सोमवार, 17 अक्टूबर, 2022




# कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए मतदान

## सोनिया और प्रियंका गांधी ने डाला वोट, मल्लिकार्जुन और थरूर के बीच सीधा मुकाबला

जय हिन्द संवाद

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए 24 साल बाद आज वोटिंग हो रही है। इस पद के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर के बीच सीधा मुकाबला है। देशभर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) ऑफिस में 9 हजार डेलिगेट्स (वोटर) वोटिंग कर रहे हैं।

वोटिंग से पहले शशि थरूर के लिए चुनाव के नियमों में बदलाव किया गया है। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि थरूर को राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा और छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में पोलिंग एजेंट्स नहीं मिले। माना जा रहा है कि इन राज्यों में थरूर को वोट मिलना भी मुश्किल है। इसी के बाद पार्टी ने किसी कार्यकर्ता को पोलिंग एजेंट बनाने की हरी झंडी दे दी है। कांग्रेस संविधान के मुताबिक वोट डालने वाले डेलिगेट्स ही पोलिंग एजेंट होते हैं।



### 36 पोलिंग स्टेशन पर 67 बूथ बनाए गए

कांग्रेस की सेंट्रल इलेक्शन अथॉरिटी ने बताया कि चुनाव में 36 पोलिंग स्टेशन, 67 बूथ होंगे। सबसे ज्यादा 6 बूथ यूपी में होंगे। हर 200 डेलिगेट्स के लिए एक बूथ बनाया गया है। भारत जोड़ो यात्रा में शामिल राहुल गांधी समेत 47 डेलिगेट्स कर्नाटक के बेल्लारी में वोट डालेंगे। यहां यात्रा के कैंप पर अलग से बूथ बनाया जाएगा।

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी ने एआईसीसी हेडक्वार्टर में वोट डाला। वोटिंग के बाद सोनिया ने कहा- मैं इसका लंबे समय से इंतजार कर रही थी।

कर्नाटक में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल डेलिगेट्स के लिए कंटेनर में स्पेशल बूथ बनाया गया है। यहां सभी भारत यात्री वोट डालेंगे।

सुबह 10 बजे से वोटिंग शुरू होगी। डेलिगेट्स शाम 4 बजे तक वोट डाल सकेंगे। डेलिगेट्स पीसीओ ऑफिस में जाकर मतपत्र पर अपनी पसंद के प्रत्याशी के आगे सही का निशान लगाएंगे और उसे फोल्ड करके मतपेटी में डाल देंगे।



कांग्रेस की किस्मत का फैसला कार्यकर्ता करेंगे। कांग्रेस में परिवर्तन का दौर शुरू हो गया है। मैंने खड़गे जी से बात की है और उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। परिणाम कुछ भी हो, हम सहयोगी बने रहेंगे।

**शशि थरूर**



यह हमारे आंतरिक चुनाव का हिस्सा है। हमने एक-दूसरे से जो कुछ भी कहा वह मैत्रीपूर्ण ही है। हमें मिलकर पार्टी बनानी है। थरूर ने मुझे फोन किया और शुभकामनाएं दीं और मैंने भी उन्हें मुबारकबाद दी है।

**मल्लिकार्जुन खड़गे**

# सिसोदिया से सीबीआई की पूछताछ

- रैली में बोले दिल्ली डिप्टी सीएम-मैं कुर्बानी के लिए तैयार
- भाजपा बोली- ये जश्न-ए-भ्रष्टाचार

**नई दिल्ली।** शराब घोटाले में सीबीआई आज दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया से पूछताछ करेगी। वे सीबीआई दफ्तर पहुंचे हैं। सिसोदिया सीबीआई दफ्तर से पहले राजघाट पहुंचे और बापू को नमन किया।

सिसोदिया पूछताछ के लिए घर से निकले तो पत्नी ने तिलक लगाया, मां ने पटका पहनाकर आशीर्वाद दिया। खुली कार में लाव लश्कर के साथ निकले, इस दौरान शहादत के गीत बज रह थे। आम रास्ते पर रैली जैसा नजारा बन गया। बोले- मेरी गिरफ्तारी की तैयारी है और मैं कुर्बानी के लिए तैयार हूं। उनकी रैली पर भाजपा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि आप नौटंकी में जुटी है। ये जश्न-ए-भ्रष्टाचार है।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि सिसोदिया अपने समर्थकों के साथ सड़कों पर खुली कार में नारे लगा रहे हैं, ऐसा लग रहा है कि आप ने भ्रष्टाचार का वर्ल्ड कप जीत लिया है।

हंगामे की आशंका देखते हुए सीबाआई दफ्तर के बाहर पुलिस बल तैनात है। सिसोदिया के घर और सीबीआई दफ्तर के आसपास धारा 144 भी लागू है।



### केजरीवाल ने भगत सिंह से की तुलना



केजरीवाल ने कहा कि मनीष के घर रेड में कुछ नहीं मिला, बैंक लॉकर में कुछ नहीं मिला। उन पर केस बिल्कुल फर्जी है। उन्हें चुनाव प्रचार के लिए गुजरात जाना था। उसे रोकने के लिए उन्हें गिरफ्तार कर रहे हैं। लेकिन चुनाव प्रचार रुकेगा नहीं। गुजरात का हर व्यक्ति आज 'आप' का प्रचार कर रहा है। केजरीवाल ने रविवार को सिसोदिया की तुलना भगत सिंह से की। केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा, जेल की सलाखें और फांसी का फंदा भगत सिंह के बुलंद इरादों को डिगा नहीं पाए। ये आजादी की दूसरी लड़ाई है। कांग्रेस ने इसे शहीद भगत सिंह का अपमान बताया है।

## खास खबर

### दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'खराब'

**नई दिल्ली।** राजधानी की वायु गुणवत्ता 5 अक्टूबर, 2022 को गिरकर 'खराब' श्रेणी में पहुंच गई थी, हालांकि बाद में इसमें सुधार हुआ। चूंकि वायु गुणवत्ता फिर से 'खराब' श्रेणी में पहुंच गई है, इसलिए सभी संबंधित पक्षों को ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्राप) के चरण-क के तहत कार्रवाई तेज करने की जरूरत है। यही कारण है कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने केंद्र और एनसीआर की राज्य सरकारों को ग्राप के चरण-क के तहत कार्रवाई को सख्ती से लागू करने का निर्देश दोहराया है।

### पिता की अस्थियां लेकर अखिलेश हरिद्वार रवाना

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सोमवार सुबह पिता मुलायम सिंह यादव की अस्थियां लेकर परिजनों संग सैफई से हरिद्वार के लिए रवाना हो गए। सैफई हवाई पट्टी से निजी विमान से वह देहरादून के जौली ग्रांट एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से हरिद्वार के गंगा घाट जाएंगे। जहां विधि-विधान और पूजन के बाद नेताजी की अस्थियों को गंगा में विसर्जित करेंगे।

- अर्ज है

**जनाब ...**

मनीष और सत्येन्द्र आज की भगत सिंह: केजरीवाल

**जनाब-ए-आली**

और आप...! आज के गांधी जी...!

# सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

जय हिन्द संवाद

**हांसी।** हरियाणा के हांसी क्षेत्र के गांव बास में रात भीषण सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। इनमें से चार लोग एक ही परिवार के हैं। हादसा जींद-भिवानी रोड पर हुआ। यहां एक ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे के दौरान वहां से बाइक से जा रहे पति-पत्नी भी ट्रक की चपेट में आ गए। उनकी हालत भी गंभीर है।

बास थाना पुलिस ने बताया कि बास गांव के पास ड्राइवर ने लापरवाही से ट्रक चलाते हुए एक कार को टक्कर मारी। इसके बाद बाइक को टक्कर मारी। ट्रक मुढाल से जींद की ओर जा रहा था। जबकि, कार जींद से मुढाल की ओर आ रही थी। ट्रक की रफ्तार बहुत तेज थी और ड्राइवर ने रॉन्ग साइड से टक्कर मारी। कार में भिवानी निवासी डोली, उसका बेटा साहिल, गोविंद, राधेश्याम, रजनी एक कार में सवार होकर थे और भिवानी लौट रहे थे।



- ट्रक ने कार में मारी टक्कर, जान गंवाने वालों में एक ही परिवार के चार लोग

परंतु बास के पास इनका एक ट्रक के साथ एक्सीडेंट हो गया। हादसे में डोली, साहिल, राधेश्याम और रजनी की मौत हो गई, जबकि गोविंद को गंभीर हालत में रेफर किया गया। इस हादसे की चपेट में दो बाइक सवार भी आ गए। बास निवासी सुरेंद्र शर्मा व उसकी पत्नी सरिता गंभीर रूप से घायल है, उन्हें हांसी के सामान्य अस्पताल में दाखिल करवाया गया, जबकि दूसरे बाइक चालक मंदीप की मौत हो गई। पुलिस ने राहगीरों की मदद से लोगों को कार से निकाला। हादसा इतना जबरदस्त था कि पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

# तीन नवंबर को बिल्डरों की 270 करोड़ की संपत्तियां होंगी नीलाम

जय हिन्द संवाद

**ग्रेटर नोएडा।** अभी तक कुर्क की गई बिल्डर की रेजिडेंशियल, कमर्शियल प्रॉपर्टी की नीलामी 3 नवंबर को होगी। इसमें 54 करोड़ की सबसे महंगी और 25.11 लाख की सबसे सस्ती संपत्ति होगी। सबसे अधिक कॉसमॉस इंफ्रास्टेट बिल्डर की संपत्तियां नीलाम होंगी। नीलामी के माध्यम से लोगों के पास नोएडा में वेब मॉल और ग्रेटर नोएडा में अंसल मॉल में दुकान खरीदने का मौका होगा। यूपी रेरा के आदेश पर खरीदारों का पैसा नहीं देने पर बिल्डरों के खिलाफ रिकवरी




सर्टिफिकेट जारी कर यह संपत्तियां कुर्क की गई थी। जिला प्रशासन अब तक करीब 400 करोड़ की संपत्तियां कुर्क कर चुका है। प्रशासन ने 270 करोड़ की संपत्तियों की ई नीलामी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिले और प्रदेश की पहली नीलामी 3 नवंबर को होगी। इसकी प्रक्रिया 6 अक्टूबर से शुरू हो चुकी है। इन नीलामी में शामिल होने के लिए आवेदन मांगे गए हैं। प्रशासन ने संपत्ति का ब्यौरा भी सार्वजनिक कर दिया है।

वेबसाइट के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी लोगों को नीलामी में शामिल संपत्तियों का ब्यौरा दिया है। ज्यादातर संपत्तियां ग्रेनो वेस्ट के बिल्डर की हैं। ई-नीलामी में शामिल करीब 60 प्रतिशत संपत्ति ग्रेनो वेस्ट की है। वहीं, सबसे महंगी संपत्ति नोएडा सेक्टर 18 स्थित वेव मॉल की है। यहां 1453 वर्ग मीटर है और इसकी कीमत 54 करोड़ है। इसी से बोली शुरू होगी।

### बीएसएफ ने पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया

**नई दिल्ली।** बीएसएफ जवानों ने अमृतसर की भारत-पाकिस्तान सीमा पर भारतीय क्षेत्र में घुसे एक ड्रोन को मार गिराया है। बीएसएफ की तरफ से ये जानकारी दी गई है। इसके बाद बीएसएफ जवानों ने ड्रोन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं।

# बढ़ सकती है कल से होने वाली नीलामी की तारीख

## प्राधिकरण की आवासीय योजना: सर्वर डाउन

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** प्राधिकरण की सफल आवासीय भूखंड योजना में नीलामी क तारीख एक बार फिर बढ़ सकती है।

प्राधिकरण ने पिछले महीने आवासीय भूखंडों की योजना निकाली थी। पिछली सात अक्टूबर को यह योजना बंद हो गई। 11 अक्टूबर से इसमें बोली लगनी थी। आवेदनों की ज्यादा तादात और सर्वर की कम क्षमता के चलते बोली लगाने की तारीख 11 से बढ़ाकर 18 अक्टूबर कर दी गई।

18 अक्टूबर यानि (कल) से बोली होनी है। लेकिन सर्वर साथ नहीं दे रहा है। प्राधिकरण के

### छुट्टी के दिन भी सिस्टम को दुरुस्त करने में जुटे रहे कर्मचारी

आवासीय भूखंड विभाग ने कल बोली कराने के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है। ओएसडी ज्योत्सना यादव और एजीएम एके सिंह समेत तमाम कर्मचारी छुट्टी के दिन शनिवार-रविवार में भी सिस्टम को दुरुस्त करने में जुटे रहे। आज शाम तक सर्वर और तकनीकी खामियां दूर नहीं हुई तो एक बार फिर प्राधिकरण को नीलामी की अंतिम तिथि बढ़ानी पड़ सकती है।

# फिल्म सिटी का ग्लोबल टेंडर फिर जारी

## यमुना एक्सप्रेसवे की एयरपोर्ट के बाद दूसरी महत्वपूर्ण योजना



जय हिन्द संवाद

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर एयरपोर्ट के बाद यमुना एक्सप्रेसवे की दूसरी महत्वपूर्ण योजना इंटरनेशनल फिल्म सिटी को परवान चढ़ाने के लिए प्राधिकरण ने फिर से कोशिशें शुरू कर दी हैं।

एक बार फिर से प्राधिकरण इंटरनेशनल फिल्म सिटी को विकसित करने के लिए ग्लोबल ई-टेंडर निकाला है। पहले भी ये




टेंडर निकाला गया था। लेकिन यह योजना आगे नहीं बढ़ सकी। लिहाजा प्राधिकरण ने एक बार फिर प्राथमिकता के आधार पर ग्लोबल ई-टेंडर निकाला है। यह टेंडर विकास ऑपरेशन और अनुरक्षण के लिए निकाला गया है। सेक्टर-21 में प्रस्तावित इस फिल्म सिटी में एम्यूजमेंट पार्क, बैकलॉट, फिल्म इंस्टीट्यूट, स्टूडियों, कॉमर्शियल ऑफिस और अन्य सुविधाएं होंगी।

इस योजना के आवेदन आज से मिलने शुरू हो जाएंगे। सात नवंबर से प्रि-बिड कांफ्रेंस शुरू हो जाएगी। आगामी 16 दिसंबर तक निविदाएं जमा की जा सकेंगी। प्रि-बिड मीटिंग के बाद टेक्निकल बिड खोली जाएंगी। योजना में अगर कोई और बदलाव किया जाएगा तो वह प्राधिकरण की वेबसाइड पर ही उपलब्ध होगा।




PRIYAGOLD

**Breaking**

>> नई दिल्ली: पीएम मोदी आज किसान सम्मान सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन >> लखनऊ: यूपीपीईटी परीक्षा में एसटीएफ ने 28 सॉल्वर और परीक्षार्थी किए गिरफ्तार

>> लखनऊ: आज ज्ञानवापी मामले में वाराणसी जिला कोर्ट में सुनवाई>> नई दिल्ली: टी-20 वर्ल्ड कप: वॉर्म-अप मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीता, भारत की पहले बैटिंग

# औरैया में हाईवे पर डाक पार्सल गाड़ी से टकराई कार

## पति-पत्नी व बेटी की मौत, हादसे पर सीएम ने जताया दुख

जय हिन्द संवाद

**औरैया।** राष्ट्रीय राजमार्ग-19 के इटावा कानपुर लेन पर बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के मिलान कट पर मिहौली गांव समीप सोमवार की सुबह आठ बजे के करीब एक कार वाहनों को ओवरटेक करते समय डाक पार्सल की गाड़ी से जा टकराई। हादसे की जानकारी होते ही पुलिस अधीक्षक चारू निगम समेत सदर कोतवाली का स्टाफ पहुंचा। क्षतिग्रस्त वाहन में सवार लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका। कार में एक परिवार के पांच सदस्य बैठे हुए थे। हादसे में दंपती समेत एक बेटी की मौत हो गई। जबकि



चालक व बेटा-बेटी घायल हुए है। मैनपुरी जनपद के करहल रोड अग्रवाल मोहल्ला निवासी 55 वर्षीय संतोष गुप्ता के सीने में दिक्कत होने पर कार से स्वजन उन्हें कानपुर इलाज के लिए ले जा रहे थे। कार में पत्नी किरन, बेटी अमनी, रेनू बेटा आकाश व चालक सवार थे। मिहौली गांव समीप बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के मिलान कट समीप हाईवे पर कार डाक पार्सल वाहन से टकरा गई। हादसा देख मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। क्षतिग्रस्त वाहन में फसे सवार लोगों को बाहर निकालते हुए बाहर निकाला गया। संतोष व पत्नी किरन ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।अन्य घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां 21 वर्षीय अमनी को चिकित्सक ने मृत बता दिया। रेनू व चालक को मामूली चोटें आईं। वहीं बेटे आकाश को प्राथमिक उपचार के बाद सैफई रेफर कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने बताया कि घायलों का उपचार कराया जा रहा है। तीन की मौत हुई है। चालक व छोटी बेटी को मामूली चोट आई है।

हादसे के बाद मां पिता व बहन के शव देख छोटी बेटी रेनू बदहवास हो गई। रोते-बिलखते देख पुलिस अधीक्षक चारू निगम उसे संभालती नजर आई। रेनू रोते-रोते सब कुछ खत्म हो जाने की बात कहती रही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे की जानकारी होते ही ट्वीट करते हुए घटना पर दुख जताया। वहीं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी घटना को लेकर दुख जताया है

### भवन का पिलर गिरा- भाई बहन समेत तीन बाढ़ पीड़ितों की मौत

**.सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर जिले के डुमरियागंज थाना क्षेत्र के भरवठिया मुस्तहकम में रविवार की रात बड़ी घटना हो गई। गांव स्थित विवाह घर में रात करीब 12 बजे एक पिलर गिर गया। इससे चचेरे भाई बहन समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में गांव की 65 वर्षीया एक वृद्धा भी घायल हो गई हैं। उनके पैर में चोट आई है। उनका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भनवापुर में इलाज चल रहा है।

भरवठिया मुस्तहकम गांव में बाढ़ का पानी घरों में भर जाने के कारण करीब तीन दर्जन बाढ़ पीड़ितों ने विवाह घर में शरण लिया था। गांव के राजकुमार व उनके भाई बुधराम के स्वजन भी यहां पर मौजूद थे। रात करीब 12 बजे कमरे में लगा एक पिलर वहां सो रहे लोगों के ऊपर गिर गया। इसमें गांव के राजकुमार का 13 वर्षीय पुत्र राज सिंह चौहान की मौके पर मृत्यु हो गई।



**नोएडा।** नयाबांस में 28 वे अखिल भारतीय ऋषिपाल विशाल दंगल में पहुँचकर वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय चौधरी ऋषिपाल आर्य जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की,साथ मे काँग्रेस नेता लियाक़त चौधरी रहे।

### शामली में दो साल्वर समेत तीन गिरफ्तार

जय हिन्द संवाद

**शामली।** पीईटी (प्रारंभिक अर्हता परीक्षा) के दूसरे दिन पहली पाली में परीक्षा के दौरान दो मुन्नाभाई सहित तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनमें एक आरोपित रुड़की में रेलवे में कर्मचारी हैं, जो दस हजार रुपये में ठेका लेकर पंजीकृत परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा देने आया था, जबकि एक आरोपित बिहार का निवासी है, वह 20 हजार रुपये में ठेके पर आया था। तीसरा आरोपित पंजीकृत परीक्षार्थी है, जिसके स्थान पर साल्वर परीक्षा देने आया था। रविवार को शामली के 13 परीक्षा केंद्रों पर प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) का आयोजन हुआ। सुबह साढ़े सात बजे से ही केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की लाइन लग गई थी। तलाशी के दौरान वीवी पीजी कालेज में एक युवक से पूछताछ की गई तो उस पर शक हुआ। पुलिस ने पूछताछ की तो आरोपित ने अपना नाम अमित कुमार पुत्र दीप नारायण निवासी मोहल्ला मोहछानेशपुर, थाना विद्यापति नगर, समस्तीपुर बिहार बताया। उसने बताया कि वह पटना के भिकनापाडी राठौर मैथमेटिक्स से रेलवे की तैयारी कर रहा है, वह असल परीक्षार्थी गौरव खोकर निवासी मोहल्ला धनान पट्टी छपरौली बागपत के स्थान पर परीक्षा देने आया था।

### आप का ने कहा, सिसोदिया को गिरफ्तार किया जाएगा

#### केजरीवाल ने उनकी तुलना भगत सिंह से की

जय हिन्द संवाद


**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि उन्हें सोमवार को सीबीआई द्वारा तलब किया गया है, सीएम अरविंद केजरीवाल ने उनकी तुलना स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह से की और इसे आजादी की दूसरी लड़ाई करार दिया। जेल की सलाखों और फंदे की धमकी भगत सिंह की भावना को कभी नहीं रोक सकती। यह आजादी की दूसरी लड़ाई है। मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन आज के भगत सिंह हैं, दिल्ली के मुख्यमंत्री ने आबकारी नीति मामले में सीबीआई के समन के बारे में सिसोदिया के ट्वीट को रीट्वीट करते हुए कहा। सीबीआई ने आबकारी नीति घोटाला मामले में पूछताछ के लिए सिसोदिया को सोमवार सुबह 11 बजे अपने मुख्यालय में रहने को कहा है। उन्होंने कहा, '75 साल बाद एक शिक्षा मंत्री आया है जो बेहतर शिक्षा से गरीबों को उम्मीद दे रहा है। करोड़ों लोगों की दुआएं आपके साथ हैं, केजरीवाल ने इसी ट्वीट में आगे कहा। जेल की सलाखें और फाँसी का फंदा भगत सिंह के बुलंद इरादों को डिगा नहीं पाये। ये आज़ादी की दूसरी लड़ाई है।मनीष और सत्येंद्र आज के भगत सिंह है। 75 साल बाद देश को एक शिक्षा मंत्री मिला जिसने ग़रीबों को अच्छी शिक्षा देकर सुनहरे भविष्य की उम्मीद दी

इस बीच, एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए, प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जांच एजेंसी, सीबीआई सोमवार को डिप्टी सीएम को गिरफ्तार करेगी। दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने कल पूछताछ के लिए बुलाया है। मैं यह विश्वास और जिम्मेदारी के साथ कह सकता हूं कि हम सभी निश्चित हैं कि उन्हें भाजपा के इशारे पर सीबीआई द्वारा उनकी केंद्र सरकार द्वारा नियंत्रित किया जाएगा, उन्होंने



कहा। सीबीआई ने कल मनीष सिसोदिया को तलब किया है। यह सारा षडयंत्र सुनियोजित और सुनियोजित है; सीबीआई के समन का आबकारी से कोई लेना-देना नहीं है, वे उसे अपने कार्यालय में बुलाएंगे और उसे गिरफ्तार करेंगे। सीबीआई-ईडी ने इस मामले में अब तक देशभर में 500 ठिकानों पर छापेमारी की है। उन्हें सबूत का एक भी कतरा नहीं मिला है। सीबीआई सिसोदिया को गुजरात में उनके द्वारा निर्धारित महीने भर के अभियान को रोकने के लिए गिरफ्तार करेगी। लेकिन मैं भाजपा को स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि आप अपनी रणनीति से बेपरवाह यहां आपके सामने खड़ी है।

### गाजियाबाद में दारोगा पर दुष्कर्म का आरोप, पीड़िता ने कहा- जांच के लिए बुलाया और लूट ली अस्मत



**गाजियाबाद।** लिंक रोड थाना क्षेत्र की सूर्य नगर पुलिस चौकी के पूर्व प्रभारी उपनिरीक्षक अंशुल कुमार पर एक महिला ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। उसकी शिकायत पर अंशुल कुमार के खिलाफ दुष्कर्म, गर्भपात, मारपीट सहित पांच धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई है। पीड़िता का आरोप है उनके एक मुकदमे में अंशुल कुमार जांच अधिकारी थे। जांच के दौरान वह उनके संपर्क में आईं। बहाने से वह उन्हें सुनसान स्थानों पर ले गया। पत्नी को तलाक देकर उनसे शादी करने का झांसा दिया। उनके साथ शारीरिक संबंध बनाए। वह गर्भवती हो गईं और गर्भपात कराया। उन्होंने गत पांच जनवरी को महिला सेल में शिकायत की। 13 अक्टूबर को वह उसके कवि नगर थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर घर गईं। वहां उसने उनके साथ मारपीट की। मोबाइल तोड़ दिया। उन्होंने इसकी शिकायत दी। शनिवार को उसके खिलाफ लिंक रोड थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई। पीड़िता का आरोप है कि दारोगा अंशुल कुमार उन्हें बड़े-बड़े होटलों में ले गया था। पुलिस होने के नाते वह उससे बहुत डर गई थीं। अंशुल कुमार शास्त्री नगर में रहता है। 13 अक्टूबर को जब उनके साथ मारपीट हुई थी तो वह कवि नगर थाना गई थीं। पुलिस ने रिपोर्ट नहीं दर्ज की थी। वहां काफी देर तक हंगामा चला था।

पुलिस ने मामले को लिंक रोड का बता दिया था। उसके बाद पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनिराज जी. से शिकायत की थी। उनके आदेश के बाद मुकदमा दर्ज हुआ है। अंशुल का पक्ष जानने के लिए उसे काल की गई। संदेश भेजा गया। उसने कोई जवाब नहीं दिया।

## गुजरात के लोगों ने भाजपा को बाहर करने का मन बनाया : भगवंत मान

जय हिन्द संवाद

**भावनगर (गुजरात)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि गुजरात के लोगों ने भाजपा को सत्ता से बाहर करके आम आदमी पार्टी के हक में जनादेश देने का मन बना लिया है। यहाँ जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 'आप' के हक में चलने वाली हवा, आँधी में बदल गई है। कांग्रेस पर बरसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी गुजरात में बदलाव का मुद्दा ज़ोर-शोर से उठा रही है, परन्तु यह पार्टी 'एमएलए एक्सचेन्ज पार्टी' बनकर रह गई है, क्योंकि इसके ज़्यादातर विधायक दूसरी पार्टियों द्वारा अपने में मिलाए जा रहे हैं। राज्य में आम लोगों की दयनीय हालत के लिए भाजपा की आलोचना करते हुए भगवंत मान ने कहा कि भगवा पार्टी लोगों की दौलत लूटने के लिए ज़िम्मेदार है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि गुजरात के लोग भी उन समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जो कभी 2022 के चुनाव से पहले पंजाब के लोग भी भुगत चुके हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात बेहद गंभीर कृषि संकट का सामना कर रहा है, स्कूलों और अस्पतालों की हालत खऱाब है और सडकें बदतर हालत में हैं। 2022 के चुनाव से पहले पंजाब में भी यही हालात थे। भगवंत मान




ने कहा कि हालात तभी बदल सकते हैं, अगर आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार सत्ता में आएगी। पंजाब में आम आदमी सरकार की बेमिसाल पहलें गिनाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली जुलाई से पंजाब सरकार हरेक बिल पर लोगों को 600 यूनिट बिजली मुफ़्त दे रही है। उन्होंने कहा कि इसके नतीजे के तौर पर कुल 72.66 लाख में से लगभग 50 लाख घरों को सितम्बर महीने का बिजली का बिल ज़ीरो आया है, जो कुल संख्या का 68.81 प्रतिशत बनता है। भगवंत मान ने कहा कि इसी तरह पिछले छह महीनों में अब तक 17 हज़ार से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरियाँ मुहैया की गई हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि उनकी सरकार नौकरियों में दमनकारी ठेकेदारी प्रणाली के विरुद्ध है, जिस कारण राज्य में 30 हज़ार से अधिक संविदा पर रखे कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। भगवंत मान ने कहा कि उन्होंने भ्रष्टाचार विरोधी हेल्पलाइन की शुरुआत की है, जिसकी मदद से भ्रष्टाचार में लिप्त तत्वों को सलाखों के पीछे डाला जा रहा है।

## लखनऊ में अतीक अहमद की 34 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त



जय हिन्द संवाद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार का माफिया के खिलाफ एक्शन जारी है। गुजरात की अहमदाबाद जेल में बंद माफिया अतीक अहमद की लखनऊ में बड़ी संपित्त को जब्त किया गया है। प्रदेश शासन के शनिवार को इस एकशन के बाद अपराधियों में खलबली शुरू हो गई है।

प्रयागराज पुलिस प्रशासन के इनपुट पर लखनऊ में गोमतीनगर, भैसोंरा तथा बीबीडी थाना क्षेत्र में अतीक अहमद की करीब 34 करोड़ रुपए की संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई की गई। माफिया अतीक अहमद के खिलाफ 97 केस दर्ज हैं। अतीक अहमद के प्रयागराज में कई ठिकानों पर बुलडोजर तथा कुर्की की कार्रवाई के बाद प्रयागराज पुलिस प्रशासन अब प्रदेश के अन्य जिलों में उसकी संपत्तियों को खंगाल रहा है।

लखनऊ में अतीक अहमद की अवैध रूप से अर्जित की गईं संपत्तियों गोमतीनगर के विजयंत खंड, भैंसोरा तथा फैजाबाद रोड पर हैं। प्रयागराज प्रशासन ने जमीन कुर्क करने का एक्शन गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के तहत लिया है। गोमतीनगर के विजयखंड इलाके में400 वर्ग मीटर की जमीन और भैंसोरा में करीब 51 बिस्वा का प्लाट है। दोनों ही प्रापर्टी अतीक अहमद के नाम पर दर्ज हैं। दोनों प्रापर्टी में से एक व्यावसायिक और दूसरी आवासीय है। लखनऊ में इससे पहले भी अतीक अहमद के सीतपुर रोड पर करीब आठ करोड़ के बंगले को प्रशासन ने सीज कर दिया था।

गैंगस्टर एक्ट के तहत प्रयागराज की धूमनगंज थाना पुलिस ने अवैध संपत्तियों को चिन्हित किया है और प्रयागराज डीएम संजय खत्री ने कुर्की की अनुमति जारी कर दी। प्रयागराज पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने लखनऊ में दोनों संपत्तियों को कुर्क करने की कार्रवाई की।

माफिया अतीक अहमद समाजवादी पार्टी के टिकट पर प्रयागराज के फूलपुर से लोकसभा का सदस्य भी रहा है। अब उसकी मुश्किलें लगातार बढ़ती ही जा रही है। अतीक के दोनों पुत्र के खिलाफ भी अपहरण के केस दर्ज हैं। दोनों ने इसके बाद सरेंडर किया और अब जेल में हैं। अतीक अहमद रजिस्टर्ड माफिया और इंटरस्टेट 227 गैंग का सरगना है। उसके खिलाफ प्रदेश में 97 आपराधिक केसेस दर्ज हैं। अतीक अहमद इन दिनों गुजरात के अहमदाबाद में साबरमती जेल में बंद है।

## भाजपा ने अलापा पसमंदा का राग, मुस्लिमों को साधने की कोशिश

### ब्रजेश पाठक बोले-अब आपको नहीं होना है गुमराह

जय हिन्द संवाद

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी मिशन 2024 में मुसलमानों को भी साधने के प्रयास में है। लखनऊ के क्राइस्टचर्च कालेज में तीन दिवसीय पसमांदा बुद्धिजीवियों के जरिए पिछड़े मुसलमानों का भरोसा जीतने के लिए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने रविवार से पसमांदा (पिछड़े) बुद्धिजीवी सम्मेलन आयोजित किया गया है। इसमें पहले दिन उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। 18 को इसका समापन विश्वेसरैया हाल में किया जाएगा।
ब्रजेश पाठक ने पाठक ने मादरे वतन हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे से अपना भाषण शुरू किया और मादरे वतन हिंदुस्तान के नारे भी लगवाए। पाठक ने इस दौरान कहा कि देश के साथ प्रदेश में भी कांग्रेस, समाजवादी पार्टी तथा अन्य विपक्षी दलों ने मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक समझा और उन्हें सिर्फ अपने फायदे के लिए प्रयोग कर छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे दल कभी मुसलमानों का भला नहीं कर सकते क्योंकि वह उनकी तरक्की नहीं होने देना चाहते।ब्रजेश पाठक ने कहा कि देश के बड़े राजनीतिक दलों ने सिर्फ मुस्लिमों का इस्तेमाल किया। अब आपको बिलकुल गुमराह नहीं होना है।
आपको भाजपा के साथ तथा पीएम नरेंद्र मोदी के साथ रहना है। मैं ब्रजेश पाठक हमेशा आपका सेवक बनकर साथ हूं। डिप्टी सीएम




ब्रजेश पाठक ने इस दौरान उदाहरण देकर पिछड़ा वर्ग के मुस्लिमों को समझाया कि जिस तरह बिरयानी बनाने से पहले तेज पत्ते को खरीद कर सहेजा जाता है और फिर बिरयानी में डालकर उसका प्रयोग किया जाता है लेकिन बिरयानी खाते समय उसे उठाकर कोने में डाल दिया जाता है। ठीक इसी तरह कांग्रेसी अन्य राजनीतिक दलों में मुसलमानों के साथ किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिना भेदभाव के मुस्लिम समाज को भी सारी योजनाओं का बेहतर ढंग से लाभ दे रहे हैं। मुफ्त राशन ,मुफ्त मकान, मुफ्त शौचालय और पांच लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मोदी सरकार ने ही दी है।

इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री साबिर अली ने कहा कि वह मोदी ही हैं जो मुसलमानों को एक हाथ में कुरान और दूसरे हाथ में लैपटॉप की बात करते हैं। जो शख्स हमारे लिए इतना सोचता है हमें भी आगे के निकाय तथा अन्य चुनाव में उसको मजबूत करने के लिए कमल चुनाव निशान का बटन दबाना है।

राज्यसभा सदस्य गुलाम अली खटाना को कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद रहे। कश्मीर के गुज्जर मुस्लिम समुदाय से ताल्लुक रखने वाले खटाना को बीते महीने ही राज्यसभा सदस्य बनाया गया है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव और उससे पहले इस वर्ष दिसंबर में हो रहे निकाय चुनाव को लेकर पार्टी की नजर पिछड़े मुसलमानों पर है। वह उन्हें यह संदेश देगी कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से उनके आर्थिक व सामाजिक विकास के साथ-साथ अब उन्हें राजनीतिक भागीदारी देने को गंभीर है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के नारे को परिपूर्णता देने के लिए भाजपा इन पसमांदा बुद्धिजीवियों के जरिए पिछड़े मुसलमानों का भरोसा जीतने का मजबूत प्रयास शुरु किया गया। प्रदेश में मुसलमानों की कुल पांच करोड़ से अधिक आबादी में से 80 प्रतिशत आबादी पसमांदा (पिछड़े) मुसलमानों की है।

## एसटीएफ ने ऑनलाइन ठगी करने वाले दो चाइनीज पकड़े



जय हिन्द संवाद

**ग्रेटर नोएडा।** एसटीएफ गौतम बुध नगर एवं थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने ऑनलाइन गूगल प्ले स्टोर पर ऐप अपलोड कर गुरो मीडिया ऐप के माध्यम से भारतीय नागरिकों को विभिन्न प्रकार के लालच देकर ऑनलाइन ठगी करने वाले विदेशी मूल के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 96 एक्टिवेटेड सिम, 70 अन एक्टिवेटड सिम, दो लैपटॉप, 4 मोबाइल फोन, पंपलेट, दो पासपोर्ट ,एटीएम कार्ड ,कोरिया के 10 हजार रुपए तथा चाइनीस करेंसी 5 हजार कंबोडिया के रुपए बरामद किया है।

एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने बताया कि पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान फैग चनीज निवासी चाइना तथा हंगकुन निवासी उपरोक्त के रूप में हुई। आरोपी ग्रेटर नोएडा में रहकर काफी समय से गोरख धंधा कर रहे थे।

# ठग गिरोह में शामिल डॉक्टर क्लीनिक बंद कर फरार

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** विदेश में नौकरी के सपने दिखाकर युवाओं को ठगने वाले गिरोह के पांच सदस्यों का पुलिस अभी तक सुराग नहीं लगा सकी है। ठगी करने वालों में एक चिकित्सक भी शामिल है, जोकि फिलहाल अपना क्लीनिक बंद कर फरार हो गया है। पुलिस उसके ठिकानों पर नजरे गड़ाए हुए हैं। पुलिस की कई टीमें एनसीआर समेत अन्य जिलों में ही उनकी तलाश कर रही है।

ठग गिरोह दिल्ली एनसीआर में दफ्तर खोलकर लोगों को व्हाट्सएप पर विज्ञापन जारी कर अपना शिकार बनाते थे। चार सालों में इन्होंने दिल्ली के न्यू फ्रेंड्द्स कॉलोनी, कनॉट प्लेस, संगम विहार व नोएडा

- पुलिस की कई टीमें एनसीआर समेत अन्य जिलों में ही उनकी तलाश कर रही है
- डा. दानिश उसके पास आने वाले मरीजों को विश्वास में लेकर उन्हें विदेश में नौकरी के सपने दिखाता था

सेक्टर-27 में दफ्तर खोला अपने गौरखधंधों को अंजाम दिया। गिरोह में शामिल आरोपी वैजनाथ यादव, मुस्तकीम उर्फ समीर, फिरोज, डा. दानिश और कुलदीप अभी तक फरार है। पुलिस की कई टीमें इनकी तलाश में जुटी है। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि डॉ. दानिश का दिल्ली में क्लिनिक है, गिरोह का खुलासा होने के बाद से ही वह क्लीनिक बंद कर फरार है। डा. दानिश उसके पास आने वाले मरीजों को विश्वास में लेकर उन्हें विदेश में नौकरी के सपने दिखाता था, साथ ही पांच हजार रुपए में फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट तक तैयार करता था। पुलिस आरोपियों की तलाश में अबतक 100 से अधिक ठिकानों पर दबिश दे चुकी है। उन्होंने दावा किया है कि जल्द ही पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे ठगी की रकम वसूली जाएगी। बताया जाता है कि कई युवाओं ने नौकरी के लिए आरोपियों को कर्ज लेकर रकम दी थी, अब उनपर लोग उनके पैसे लौटाने का भी दबाव बना रहे हैं। बता दें कि सेक्टर-20 कोतवाली पुलिस ने दो दिन पहले विदेश में नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया था। आरोपी खा?ी देशों में नौकरी दिलवाने के सपने दिखाते थे। इन्होंने सेक्टर-27 में दफ्तर खोल रखा था। पुलिस ने गिरोह के सरगना महाराजगंज निवासी हमीद और सीवान बिहार निवासी सुधीर सिंह को सेक्टर-27 से गिरफ्तार कर लिया गया था। इनके पास से भारी मात्रा में पासपोर्ट बरामद हुए थे।

## छात्र को पीटने वाला वांछित अध्यापक गिरफ्तार





जय हिन्द संवाद

**बादलपुर।** पुलिस ने छात्र की मौत के मामले में फरार चल रहे आरोपी अध्यापक को गिरफ्तार कर लिया है। अध्यापक ने स्कूल में छात्र की पिटाई की थी। जिससे छात्र चोटिल हो गया था और इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने एक सप्ताह से फरार चल रहो आरोपी अध्यापक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बादलपुर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि 8 अक्टूबर को बादलपुर के कैप्टन सांवलिया पब्लिक स्कूल में कक्षा 5 के छात्र प्रिंस कुमार की अध्यापक शोवरण के पीटने से मौत हो गयी थी। अध्यापक ने छात्र की पिटाई की थी और उसकी तबीयत खराब हो गई। परिजन उसको लेकर अस्पताल में गए और अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसके बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया और पुलिस ने 9 अक्टूबर को आरोपी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।

## चाइल्ड एसोसिएशन के आरोग्य भारत मिशन कि शुरुआत



जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** भंगेल में स्थित सामुदायिक केंद्र में चाइल्ड एसोसिएशन इंडिया के द्वारा अपना नया आयाम सीएआई आरोग्य भारत की शुरुआत करी जिसमे संस्था हर जिले में मुफ्त चिकित्सया शिविर का आयोजन करेगा. आज मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सेक्टर, सोसाइटी और झुग्गी झोप ?ी में रहने वाले लोग मुफ्त स्वास्थ्य शिविर में सेवा लेने के लिए पहुंचे।

कैंप कि शुरुवात भाजपा के नेता व मण्डल के महामंत्री श्री गौतम शर्मा व चाइल्ड एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिवांश श्रीवास्तव ने फीता काट कर किया.

चाइल्ड एसोसिएशन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवांश श्रीवास्तव जी ने इस मौके पर बताया कि आम लोगों को मुफ्त में अच्छी स्वास्थ सेवा मिलनी बहुत मुश्किल होती है। इसके लिए मुफ्त स्वस्थ्य शिविर लगया है। जहां यथार्थ हॉस्पिटल से डॉक्टर्स लोगों का चेकअप करने के लिए पहुंचे हैं। हमारे इस शिविर में ब्लड टेस्ट, शुगर टेस्ट, श्वतष्ट, फिजिशियन और कार्डियोलॉजी की जांच की जा रही है।

उन्होंने बताया कि यहां करीब 200 से ज्यादा लोग झुग्गी झोपड़ी से पहुंचे। इसके अलावा सेक्टर के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हमारी कोशिश रहेगी कि हम हर महीने ऐसे शिविर का आयोजन करें। इस दौरान टीम के लोगों ने आयुषमान कार्ड धारकों को कार्ड के प्रयोग की जानकारी देते हुए बताया कि यह सिर्फ सरकारी अस्पतालों के लिए ही नहीं सरकार द्वारा चुने गए अस्पतालों में भी इस कार्ड के माध्यम से निशुल्क उपचार कराया जा सकता है।

इस अवसर पर संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अलोक गर्ग, जन संपर्क अधिकारी श्रीमती आयुषी कुशवाहा, नोएडा संयोजक पंकज त्रिपाठी, आइटी के चेतन कपूरवन व ब्रिज भूषण, सुरेंद्र बिष्ट, प्रवीन मिश्रा आदि उपस्थित रहें।

## कार्ड बदलकर खाते से निकाले 31 हजार

**नोएडा।** जालसाजों ने एटीएम बूथ में मदद करने के बहाने एक युवक का कार्ड बदलकर उसके खाते से 31 हजार रुपये निकाल लिए। युवक को मोबाइल पर ट्रांजेक्शन की जानकारी हुई तो उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई। नवादा गांव निवासी गुलबीर सिंह एक न्यूज चैनल में काम करते हैं। उनका खाता एचडीएफसी बैंक में है। सात अक्टूबर को वह सेक्टर-62 में एक एटीएम बूथ में पैसे निकालने गए थे। वहां बूथ के अंदर पहले से दो व्यक्ति मौजूद थे। इसके बाद गुलबीर बूथ के अंदर पैसे निकालने गए। तभी पहले से मौजूद दोनों लोगों ने गुलबीर की मदद करने के नाम पर उनसे बातचीत शुरू कर दी। झांसे में लेकर उनका डेबिट कार्ड बदल लिया। कुछ देर बाद जालसाजों ने कार्ड से 31 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने मामले में पुलिस से शिकायत की है।

## एक्टिव एनजीओ समूह ने मनाई दीपावली

जय हिन्द संवाद



**नोएडा।** सेक्टर 12 स्थित ईशान म्यूजिक स्कूल ऑडिटोरियम में नॉएडा की लगभग सभी सामाजिक संगठनों के समूह एक्टिव एनजीओ ने दीपावली मनाई, इस दौरान संस्था के एडमिन एवं नवरतन फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा की जिले के लगभग सभी सामाजिक संगठन एक्टिव एनजीओ समूह का हिस्सा हैं ,जो लगातार एक दूसरे से प्रेरणा ले रहे हैं और एक दूसरे के पूरक भी बन रहे हैं।

एक दूसरे की मदद कर और एक दूसरे का साथ देकर वह क्षेत्र के विकास में और असहायों की मदद हेतु अतुलनीय योगदान दे रहे हैं , इस दौरान दूसरे एडमिन एवं नोवरा अध्यक्ष रंजन तोमर ने कहा की एक्टिव एनजीओ जो एक बीज के रूप में बोया गया था आज एक फलदार वृक्ष्य होता जा रहा है , अब जरूरत है संस्थाओं को एक दूसरे का साथ देते रहने की , उनके सुख दुःख में खड़े रहने की और समस्याओं को सुलझाने की , और इन सबके कारण एक दूसरे को मजबूती प्रदान करने की जिससे संस्थाएं ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंदों की मदद कर सकें। इस दौरान संस्थाओं ने एक दिए से दिए जलाये और अपने विचार व्यक्त किये, फिर खेलों के दौरान भाग्यशाली सदस्यों को उपहार प्रदान किए गए। इस दौरान अनिल सिंह (सद्भावना सेवा संसथान ), राजीव अजमानी (भारत विकास परिषद्) के के जैन (फोनरवा ), संजीव सिंह (डी डी आर डब्लू ए), राजीव सिंह एवं प्रोफेसर राजेश सहाई (नोफा), प्रिंस शर्मा (चैलेंजर्स ग्रुप), अन्नू खान (नेफोमा), एडवोकेट महेन्दर अवाना, रश्मि पांडेय (इ एम सी टी), नम्रता नारायण (रमा फाउंडेशन ), रमिता तनेजा (सनशाइन सोसाइटी ), मिनाक्षी त्यागी एवं विनीता भट (नारी प्रगति सोशल फाउंडेशन), रविकांत शर्मा (युवा टीम सर्फाबाद) पुष्कर शर्मा (नव ऊर्जा युवा संस्था), पद्मिनी कुमार (जॉइंट वीमेन फोरम) , रेखा चौहान (आदर्श ज्ञान वाटिका ) , रजनी कटारिया (हेल्पिंग हैंड्स ) , डॉक्टर सुनीता जैटली एवं श्रीमती अमन खन्ना (भोर फाउंडेशन), सचिन गुप्ता (वाई इस इस फाउंडेशन) श्रेया शर्मा (7 एक्स वेलफेयर टीम), डॉक्टर कल्पना भूषण(कल्पना कला केंद्र), मनीष गुप्ता, विक्रम सेठी, अनिल हिन्दू , रामांशु , निशु और दिनेश पांडेय, विकास झा ( भविष्य एनजीओ), रणपाल अवाना, विवेक श्रीवास्तव, साधना सिन्हा, पूजा श्रीवास्तव और विशाल श्रीवास्तव , सोमेश्वर शर्मा, आदित्य श्रीवास्तव, अदित भटनागर, नीरज भटनागर, अनुज मंगल (भारत विकास परिषद्), संजय भाटी आदि मौजूद रहे।

## वनस्थली पब्लिक स्कूल में दिवाली मेले का आगाज



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जीटा-1 स्थित वनस्थली पब्लिक स्कूल में रविवार को दीपावली मेले का आयोजन किया गया। कार्याक्रम का शुभारंभ गणेश की वंदना के साथ हुआ, विद्यार्थीओ ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए। इस मेले में विद्याथियों ने खाने पीने के स्टाल भी लगाए। इसके अलावा छात्राओं की माताओं ने फैशन शो और अभिभावकों के मनोरंजन के लिए तंबोला, कागज नृत्य, पहेली खेल का आयोजन किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती सना जैन ने सभी विद्यार्थी का मनोबल बढ़ाया, इसके अलावा मेले के उपलक्ष्य में विद्यार्थियो का अलंकरण समारोह भी किया गया। जिसमें हेड बॉय आरव, हेड गर्ल अमृता, सांस्कृतिक सचिव आदि पद का चयन किया गया। स्कूल प्रबंधन और प्रिंसिपल ने सभी को दीपावली शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## हाईवे पर एक हफ्ते बाद भी मिले गड्ढे तो होगा टोल फ्री

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा युवा प्रदेश अध्यक्ष कपिल नागर अच्छेजा ने बताया छपरौला धूम मानिकपुर बादलपुर अच्छेजा दुजाना दादरी बाईपास चिटेहरा बील अकबरपुर नई बस्ती कोट लुहारली सिकंदराबाद तक हाईवे से सड़क ही गायब गड्ढे ही गड्ढे हाईवे पर कल ग्रामीणों ने व भारतीय किसान यूनियन अजगर के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर पहुंचकर चक्का जाम करने की कोशिश की थी। बादलपुर इंस्पेक्टर ने मौके पर पहुंचकर समझा-बुझाकर रोड को जल्द उच्च अधिकारियों की जानकारी में डालकर ठीक कराने का वादा किया था। जिसके बाद खुद ही फावला तसला लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता व ग्रामीणों ने खुद ही सड़कों पर भरे थे गड्ढे धूल मिट्टी का हाईवे पर लगातार बढ़ता जा रहा है पोलूशन एनजीटी के आदेशों की भी उड़ रही है धज्जियां लोगों में आक्रोश टोल क्यों दे लोगों में भारी आक्रोश।

## चौ. ऋषिपाल की याद में विशाल दंगल का आयोजन

जय हिन्द संवाद



**नोएडा।** ऋषिपाल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा आयोजित 28 में विशाल दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में दर्शकों अंतरराष्ट्रीय स्तर की कुश्तियों का आनंद लिया तथा उनकी बारीकियों को समझा। आज के दंगल में रुपए 5,00,000/- से अधिक रुपए के इनाम पहलवानों को दिए गए।

साथ ही साथ 150 से अधिक पहलवानों ने कुश्तियों में भाग लिया। महिला तथा बाल पहलवानों की भी कुश्तियां हुई। आज के इस दंगल में अतिथि के रूप में आर के चतुर्वेदी जी पूर्व आईजी, गणेश शंकर त्रिपाठी जी पूर्व आईएएस, जोगिंदर अवाना जी विधायक, सही राम पहलवान विधायक, जयप्रकाश पहलवान हिंद केसरी व अध्यक्ष दिल्ली कुश्ती संघ, ज्ञानेंद्र सिंह अवाना पूर्व डी सी पी, विपिन मल्हन अध्यक्ष एन ई ए, सतबीर गुर्जर पूर्व विधायक, उपस्थित रहकर दंगल को चार चांद लगाए। खेल जगत की जानी-मानी हस्तियां ने उपस्थित रहकर दंगल की शोभा बढ़ाई।

कुश्तियों रेफरशिप नेत्रपाल, नवल किशोर, सुश्री वंदना चौधरी, विजय खत्री, प्रदीप, अनिल एसएसबी, ललित कुमार व रवि कुमार। सबसे बड़ी कुश्ती 1,51,000/- के विजेता रहे पहलवान सुमित मलिक छत्रसाल स्टेडियम इन्होंने पहलवान प्रदीप भारतीय जल सेना को प्वाइंटों के आधार पर हराकर ऋषिपाल केसरी टाइटल-2022 पर कब्जा किया। तीसरे स्थान पर पहलवान नीरज, रोहतक ने पहलवान मोनू कुराना छत्रसाल स्टेडियम को हराकर सफलता प्राप्त की। पुरुष पहलवानों की ऋषिपाल केसरी टाइटल के लिए तकरीबन 29 कुश्तियां हुई।

## भगवंत मान भ्रष्टाचार पर अपना रहे दोहरा मापदंड, अपने भ्रष्ट मंत्री सरारी पर कोई कार्यवाही नहीं की : अश्वनी शर्मा

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने सुंदर शाम अरोड़ा पर दिए अपने स्पष्टीकरण को दोहराते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टोलरेंस का मत बिलकुल स्पष्ट है। लेकिन आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार को लेकर दोहरा मापदंड अपना रही है। पंजाब सरकार के अपने मंत्री सरारी की ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, लेकिन भगवंत मान द्वारा उस पर ना तो कोई मामला दर्ज किया गया है और ना ही उसके खिलाफ कोई कार्यवाही। जो 50 लाख की बात की जा रही है वो सरकार का पक्ष है, इस संबंध में सुंदर शाम अरो ?ा का क्या पक्ष है वो सारा जांच का विषय है और इसकी जाँच की जानी चाहिए। अश्वनी शर्मा ने भगवंत मान और उनकी सरकार से सवाल किया कि खुद को शहीद भगत सिंह के दर्शाए मार्ग पर चलने की बातें करने वाले अपने भ्रष्ट नेताओं के विरुद्ध कार्यवाही क्यूँ नहीं करते? भगवंत मान भ्रष्टाचार को लेकर दोहरे मापदंड अपना रहे हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा अपने स्वास्थ्य मंत्री को भ्रष्टाचार के आरोप लगा कर सलाखों के पीछे भेजा गया था, लेकिन वही स्वास्थ्य मंत्री अब आप सरकार की स्टेजों पर नजर आ रहा है।

## संस्कार भारती का दीपावली परिवार उत्सव

जय हिन्द संवाद



**नोएडा।** संस्कार भारती का दीपावली परिवार उत्सव, बहुत ही धूमधाम से एवं सफल आयोजन रहा द्य कार्यक्रम में 175 से ऊपर परिवार जन उपस्थित थे , 24 परिवारों ने रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया और बहुत सुंदर रंगोलियां बनाई।

14 परिवारों ने लक्ष्मी गणेश जी की मूर्ति को बहुत सुंदर रंगों से सजाया ,20 विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य एवं बांसुरी वादन की प्रस्तुति दी। रामायण प्रश्नोत्तरी ने तो सभी को रोमांचित कर दीया द्य कार्यक्रम में संस्कार भारती के अखिल भारतीय मंत्री चेतन जोशी, दिल्ली प्रांत उपाध्यक्ष देवेंद्र खन्ना , मंत्री शैलेश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष महेंद्र गुप्ता, मातृशक्ति प्रमुख आरती अरोड़ा, संगीत विधा संयोजक अवनीश त्यागी, चित्रकला सह संयोजिका अनुराधा गुप्ता ,प्रसिद्ध मूर्तिकार सुरेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे द्य कार्यक्रम के समापन पर चेतन जोशी ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी एवं सुंदर एवं सफल कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सभी को बधाई दी। मयंक मनचंदा ने कार्यक्रम का उत्तम संचालन किया। केशव पुरम विभाग के कार्यकर्ता कमल जुनेजा, वी के गुप्ता, प्रशांत छाबड़ा, हेमंत लांबा, अजय सिंह, उषा भूटानी, कुमार गौरव, वीरेंद्र, अमरजीत कौर, पुरुषोत्तम, दिव्या धवन, रविंद्र कुमार ने पूरी शक्ति से कार्यक्रम को संपन्न किया। वंदे मातरम के पश्चात सभी ने भोजन प्रसाद को ग्रहण किया।

## गाली देने पर छात्रों के दो गुट भिड़े

**ग्रेटर नोएडा ।** ग्रेनो के एक निजी विश्वविद्यालय में गाली देने पर छात्रों के दो गुटों के बीच मारपीट हुई। एक छात्र का आरोप है कि उसे पिस्टल और चाकू दिखाया और बंधक बनाकर पीटा गया। पुलिस ने चार छात्रों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक एक निजी विश्वविद्यालय में पड़ने वाले छात्र गुटों गुटों के छात्र एक साथ खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। इसी बीच दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके दौरान एक छात्र ने दूसरे छात्र को मां की गाली दे दी। गाली देने पर छात्र भड़क गया। इसके बाद दोनों गुटों के बीच मारपीट हुई। इस मामले में पीड़ित छात्र द्वारा पुलिस से शिकायत की गई थी।

## औरैया में सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दु:ख व्यक्त किया

जय हिन्द संवाद

**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने जनपद औरैया में सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री जी ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। इसके साथ ही जिलाधिकारी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर जाकर राहत कार्य को युद्धस्तर पर कराने के निर्देश दिए हैं।

- दुर्घटना में घायल लोगों का समुचित उपचार कराया जाए
- घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की
- युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य के कराए जाने के निर्देश
- डीएम एवं पुलिस के उच्चाधिकारियों को शीघ्र घटनास्थल पर पहुंचे के निर्देश

दैनिक जय हिन्द जनाब

सोमवार, 17 अक्टूबर, 2022

# चुनाव का बिगुल

मगर निर्वाचन आयोग ने हिमाचल प्रदेश में चुनाव और मतगणना की तारीख तो घोषित कर दी, पर गुजरात चुनाव की तारीखें बाद में घोषित करने को कहा। इसे लेकर तरह-तरह के राजनीतिक कयास लगाए जाने लगे। कुछ लोगों का कहना है कि निर्वाचन आयोग ने यह फैसला केंद्र सरकार के इशारे पर किया। आमतौर पर, और नियम के मुताबिक भी, जब एक से अधिक राज्यों की विधानसभा के कार्यकाल में पांच महीने का अंतर रहता है, तो उनके चुनाव एक साथ कराए और नतीजे भी एक ही दिन घोषित किए जाते हैं। हिमाचल प्रदेश विधानसभा का कार्यकाल अगले साल जनवरी में और गुजरात का फरवरी में समाप्त होगा। इसलिए दोनों के चुनाव एक साथ कराने की उम्मीद की जा रही थी। मगर निर्वाचन आयोग का कहना है कि उसने पिछले चुनाव के नियमों को ध्यान में रखते हुए तारीखें घोषित करने का फैसला किया। उस वक्त भी पहले हिमाचल में और फिर गुजरात में चुनाव कराए गए थे। मगर यह तर्क कई लोगों को गले नहीं उतर रहा। वे इसे सत्तारूढ़ भाजपा की सोची-समझी रणनीति के रूप में देख रहे हैं। कुछ लोग इसे दोनों राज्यों के पिछले विधानसभा चुनाव नतीजों के आंकड़े की नजर से भी देख रहे हैं। हिमाचल और गुजरात में बेशक भाजपा की सरकार हो, पर पिछले चुनाव में इन दोनों राज्यों में उसे खासी चुनौती का सामना करना पड़ा था। यह भी कि पिछले तीन विधानसभा चुनावों से गुजरात में भाजपा की सीटें लगातार कम होती रही हैं। हिमाचल में भी पार्टी में अंदरूनी असंतोष की बात की जा रही है, जिससे पार पाना जरूरी है। पिछले चुनाव में उसके मुख्यमंत्री पद के दावेदार ही चुनाव हार गए थे। फिर सत्तारूढ़ दल को सत्ता-विरोधी लहर का भय तो सताता ही है। इसलिए विश्लेषकों का मानना है कि अलग-अलग चुनाव कराने से भाजपा को दोनों राज्यों में प्रचार और चुनावी रणनीति आदि बनाने के लिए पर्याप्त समय मिल जाएगा। मगर यह तर्क तो सभी राजनीतिक दलों पर लागू होता है। उन्हें भी उतना ही समय मिलेगा और उनके बड़े नेताओं को प्रचार का उतना ही मौका मिलेगा। इसलिए इसे सत्तारूढ़ दल की रणनीति कहना उचित नहीं जान पड़ता। चुनाव कराना खासा पेचीदा काम होता है। राज्यों की भौगोलिक स्थितियों, मौसम आदि का ध्यान रखते हुए इंतजाम करने पड़ते हैं। हिमाचल पहाड़ी राज्य है और वहां की ऊंचाई वाली जगहों पर मतदान केंद्र बनाना, मतदान कराना और फिर मतपेटियों को मतगणना केंद्रों तक पहुंचाना मैदानी इलाकों की अपेक्षा थोड़ा मुश्किल काम होता है। फिर दो राज्यों में एक साथ चुनाव कराने से चुनाव नतीजों के लिए तब तक लंबा इंतजार करना पड़ता है, जब तक दोनों राज्यों में मतदान की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती। इस बार निर्वाचन आयोग ने मतदान और मतगणना के बीच की अवधि को कम कर दिया है। हालांकि दोनों राज्यों में राजनीतिक पार्टियों ने पहले से ही चुनाव की तैयारियां कर रखी हैं। भाजपा के प्रमुख प्रचारक वहां जाकर कई रैलियां कर चुके हैं। गुजरात में तो आम आदमी पार्टी ने कई महीने पहले चुनावी बिगुल फूंक दिया था और वह पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रचार में लगी हुई है। इसलिए हिमाचल में पहले चुनाव कराने को सियासी रणनीति के रूप में देखने के बजाय अब पार्टियों को अपने चुनावी मुद्दों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।

# बदल रही है बरसात की चाल

ऐसे में यह गंभीर सवाल खड़ा होता है कि आखिर मानसूनी बारिश अपना व्यवहार क्यों बदल रही है? अति वर्षा और बाढ़ की स्थिति के लिए जलवायु परिवर्तन के अलावा विकास की विभिन्न परियोजनाओं के लिए वनों की अंधाधुंध कटाई, नदियों में अवैध खनन आदि प्रमुख रूप से जिम्मेदार हैं, जिससे मानसून प्रभावित होने के साथ-साथ भू-क्षरण और नदियों द्वारा कटाव के चलते तबाही के मामले बढ़ रहे हैं।



इस साल मानसून की शुरुआत से ही देश के विभिन्न हिस्सों में मूसलाधार बारिश, बाढ़, बादल फटने, बिजली गिरने और भू-स्खलन से तबाही का सिलसिला शुरू हो गया। देश के कई इलाके बारिश के लिए तरसते रहे, तो अनेक इलाकों में आसमानी आफत टूटती रही। इससे बहुत सारे लोगों की मौत हो गई। यह पर्यावरण असंतुलन का ही दुष्परिणाम है कि साल-दर-साल बरसात में तबाही की तीव्रता बढ़ रही है। अक्तूबर माह में भी भारी बारिश के कारण देश के कई राज्यों में काफी तबाही हुई है। फसलों को काफी नुकसान हुआ है, जिसके चलते आने वाले दिनों में महंगाई बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। अक्तूबर मध्य में भी भारी बारिश होने से डेंगू जैसी बीमारियां भी बढ़ रही हैं।'क्लाइमेट ट्रेड्स' की एक रिपोर्ट के मुताबिक जुलाई से सितंबर के दौरान मानसून प्रायः झारखंड, बिहार तथा पश्चिम बंगाल के रास्ते उत्तर प्रदेश से होकर आगे बढ़ता है, मगर इस वर्ष इसने उत्तर भारत में प्रवेश के अपने परंपरागत मार्ग गंगीय मैदान क्षेत्र के बजाय मध्य भारत का रास्ता पकड़ा। मध्य भारत से होते हुए राजस्थान की ओर बढ़ गया, जिसके चलते इस वर्ष उत्तर प्रदेश, झारखंड, बिहार तथा पश्चिम बंगाल में काफी कम बारिश हुई, जबकि मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात तथा कुछ अन्य इलाकों में खूब बारिश हुई।

इस रिपोर्ट के मुताबिक मानूसन के तरीके में दूसरा बड़ा बदलाव यह देखा गया कि इस बार अधिकांश 'सिस्टम' बंगाल की खाड़ी में निर्मित हुए, जिसके चलते शुरुआती बारिश तमिलनाडु और कर्नाटक में काफी ज्यादा हुई, जबकि अरब सागर से लगते तटीय इलाकों में कम बारिश हुई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक मानूसन में बंगाल की खाड़ी और अरब सागर दोनों ही ओर से कम दबाव का क्षेत्र तथा चक्रवाती परिसंचरण निर्मित होते हैं, जो समूचे भारत में मानसूनी बारिश करते हैं। मगर अरब सागर में बनने वाले सिस्टम घटने से मानसून का मिजाज बिगड़ रहा है। मानसून के दौरान महीने के अधिकांश दिन अब सूखे निकल जाते हैं, तो कुछेक दिनों में ही इतनी बारिश हो जाती है कि लोगों की मुसीबतें कई गुना बढ़ जाती हैं।

जलवायु विज्ञानियों का मानना है कि वैश्विक तापमान के कारण मानसून प्रभावित हुआ है और इसी कारण भारत में मानसून की विदाई के समय मानसूनी बारिश का सिस्टम बन रहा है। इसी के चलते अक्तूबर के महीने में भी इस साल भारी बारिश हुई। 1971 से 2009 के दौरान मानसून के छंटने के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर मौसम विभाग द्वारा 2020 में मानसून के छंटने की तारीख 17 सितंबर निर्धारित कर दी गई थी, लेकिन देश के कई राज्यों में अब मानसून की अवधि लगातार लंबी हो रही है। सामान्य तौर पर भारत में मानसून सितंबर मध्य में वापस लौटने लगता है, जिसे 'मानसून विड्राल' कहा जाता है। इस दौरान बारिश खत्म होने के साथ ही नमी में कमी दर्ज की जाती है और देश के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में बारिश का धीरे-धीरे कम होना जारी रहता है। उत्तर पश्चिम भारत में जहां अक्तूबर के पहले सप्ताह में ही मानसून बाद की बारिश की गतिविधियां समाप्त हो जाती थी, वहीं यह सिलसिला अब अक्तूबर के तीसरे सप्ताह तक जारी रहने लगा है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक सामान्य तौर पर मानूसन समूचे भारत से 5 अक्तूबर तक विदा हो जाना चाहिए। उत्तर पश्चिमी राज्यों में मानसून प्रायः राजस्थान में करीब डेढ़ महीने और पूर्वी उत्तर प्रदेश में करीब तीन महीने रहता था, मगर अब यह राजस्थान में दो महीने और पूर्वी उत्तर प्रदेश में करीब चार महीने तक टिक रहा है। उत्तर भारत में अब बारिश के मौसम को सोलह दिनों तक विस्तारित किया जा चुका है। मौसम विभाग के मुताबिक इस साल मानसून कई जगहों पर देर से पहुंचा, जिसके चलते देश के पश्चिमी हिस्सों में सितंबर तक सक्रिय रहा और इसी सक्रियता का असर मानसून के लौटने की प्रक्रिया पर पड़ा है।

पर्यावरण विज्ञानियों के अनुसार मानसून का परंपरागत मार्ग बदलने से जलवायु पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा, जिसका असर इंसानों से लेकर जानवरों तक पर दिखाई देगा। मानसून के जुलाई तथा अगस्त महीने के आंकड़ों का विश्लेषण करने के बाद 'क्लाईमेट ट्रेड्स' की रिपोर्ट में बताया गया है कि पश्चिमी राजस्थान में 78 फीसद, कच्छ में 42, पश्चिमी मध्यप्रदेश में 36, मराठवाड़ा में 27, गुजरात में 24 और विदर्भ में 22 फीसद ज्यादा बारिश हुई, वहीं उत्तर प्रदेश में 44, बिहार में 39, झारखंड में 27 और पश्चिम बंगाल में 18 फीसद कम बारिश हुई। विभिन्न अध्ययनों में यह तथ्य बार-बार सामने आ रहा है कि मानसूनी बारिश की तीव्रता बढ़ते जाने का सबसे बड़ा कारण वैश्विक तापमान ही है और अगर पर्यावरण के साथ खिलवाड़ इसी प्रकार जारी रहा तो ऐसी त्रासदियां आने वाले समय में और गंभीर रूप लेंगी, लेकिन प्रकृति द्वारा बार-बार दी जा रही गंभीर चेतावनियों के बावजूद कोई इनसे सबक सीखने को तैयार नहीं दिखता। एक ओर जहां आर्थिक रूप से संपन्न देशों ने प्रकृति से छेड़छाड़ का सिलसिला जारी रखा है, वहीं विकासशील देशों ने भी जलवायु परिवर्तन को कभी बहुत गंभीरता से नहीं लिया। विकसित देश इस समस्या पर नियंत्रण के प्रयास के बजाय इसकी जिम्मेदारी का ठीकरा विकासशील देशों पर ही फोड़ते रहे हैं।मानूसनी बारिश में अब शहर के शहर, गांव के गांव डूब जाते हैं। ऐसे में यह गंभीर सवाल खड़ा होता है कि आखिर मानसूनी बारिश अपना व्यवहार क्यों बदल रही है? अति वर्षा और बाढ़ की स्थिति के लिए जलवायु परिवर्तन के अलावा विकास की विभिन्न परियोजनाओं के लिए वनों की अंधाधुंध कटाई, नदियों में अवैध खनन आदि प्रमुख रूप से जिम्मेदार हैं, जिससे मानसून प्रभावित होने के साथ-साथ भू-क्षरण और नदियों द्वारा कटाव के चलते तबाही के मामले बढ़ रहे हैं।


मौसम परिवर्तन पर 'नेचर कम्युनिकेशन' में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक जलवायु परिवर्तन के कारण भारत के एक हिस्से में जहां सूखे का संकट गहराने की आशंका है, वहीं देश के बड़े हिस्से को अगले तीस वर्षों में भारी बारिश का सामना करना पड़ सकता है। अध्ययन में उत्तर भारत में सूखे का संकट गहराने और वर्ष 2050 तक देश के कई हिस्सों में पंद्रह से तीस फीसद ज्यादा बारिश होने की संभावना जताई गई है।

इन अप्रत्याशित बदलावों पर चिंता जताते हुए शोधकर्ताओं ने वर्ष 2100 तक देश के बड़े हिस्से में तीस फीसद ज्यादा बारिश का अनुमान व्यक्त किया है।कुछ दिनों पहले 'पाट्सडैम इंस्टीट्यूट फार क्लाइमेट इम्पैक्ट रिसर्च' के एक अध्ययन में बताया गया था कि भारतीय मानसून की चाल को जलवायु परिवर्तन और ज्यादा गड़बड़ बना रहा है। अध्ययनकर्ताओं के अनुसार भारत के कई हिस्सों में अत्यधिक बारिश ने जो तबाही मचाई है, वह वैश्विक तापमान वृद्धि का दुष्परिणाम है।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मानसून के मौसम के जिस ढर्रे को कभी सबसे स्थिर माना जाता था, उसमें एक बड़ा परिवर्तन स्पष्ट देखा जा रहा है। हालांकि यह समस्या केवल भारत की नहीं है, इससे दुनिया भर में भारी तबाही हो रही है। चीन, जर्मनी और अमेरिका सहित कई यूरोपीय देशों में इस साल आई भयानक बाढ़ ने पूरी दुनिया को अहसास करा दिया कि जलवायु में बड़ा परिवर्तन हो चुका है। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी के तापमान में प्रत्येक डिग्री सेल्सियस वृद्धि से मानसूनी वर्षा में करीब पांच फीसद बढ़ोतरी हो रही है। बादल फटने और आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में होती बढ़ोतरी को भी जलवायु परिवर्तन से ही जोड़ कर देखा जा रहा है।

## धर्म-कर्म

# धर्म और रीतियां



भारत की सबसे बड़ी खूबसूरती इसकी विविधता है, जहां अलग-अलग जातियां, अलग-अलग धर्म और सबके अपने अलग-अलग रीति-रिवाज, परंपरा और पर्व-त्योहार भी हैं। ये पर्व और त्योहार हर वर्ष बड़ी धूमधाम से मनाए जाते हैं। हिंदुस्तान में अक्तूबर और नवंबर के महीने इसलिए बहुत महत्त्वपूर्ण होते हैं कि इस दौरान दशहरा, दीपावली से शुरू होकर एक के बाद एक गोवर्धन पूजा, भैया दूज और फिर छठ पूजा की धूम रहती है।घर-आंगन से लेकर बाजार तक उत्सव का वातावरण रहता है। हर तरफ सजावट होती है। इसी महीने में सिखों का महत्त्वपूर्ण पर्व गुरुपर्व भी आने वाला है, तो उनके लिए भी यह महीना बहुत खास है। फिर इन त्योहारों की लहर कुछ मद्धिम पड़ेगी तो फिर क्रिसमस और नए साल के जश्न की तैयारियां शुरू हो जाएंगी। हिंदुस्तान में थोड़े-थोड़े अंतराल पर त्योहारों की कड़ी जुड़ी रहती है। मध्य भारत में त्योहारों का सिललिसा अलग चलता है, तो पूर्वोत्तर और दक्षिण में अलग। महाराष्ट्र में तो गणेशोत्सव से ही उत्सवों की श्रृंखला शुरू हो जाती है।

समानतापूर्ण सोच और एक समान शैक्षिक पाठ्यक्रम के बढ़ते प्रभाव के चलते अब अच्छी बात यह हो गई है कि पर्व चाहे किसी भी जाति-धर्म से संबंधित हों, लोग एक-दूसरे के त्योहारों में हिस्सा लेने लगे हैं और उनकी देखादेखी खुद भी उन पर्वों को मनाने लगे हैं। हमने कई जगहों पर देखा है कि दीपावली के अवसर पर सिर्फ हिंदू नहीं, हर जाति-धर्म के लोग अपने घर और बालकनी को बिजली की लड़ी से सजा लेते हैं, और पड़ोसी के साथ मिल कर त्योहार मनाने में भागीदारी करने लगे हैं। ऐसे ही गुरु पर्व में भी शामिल होने वाले लोगों के जाति-धर्म को देखा जाए, तो इसमें बाहर के लोग भी उत्सव मनाते मिल जाएंगे। ऐसे ही मुसलिमों के महत्त्वपूर्ण त्योहार ईद में भी दूसरे धर्मों के भारतीय लोग खुश होकर और बड़े उत्साह से शामिल होते हैं। क्रिसमस तो जैसे भारत के मुख्य त्योहारों में शामिल हो गया है।

इसीलिए कहा जा सकता है कि विभिन्न त्योहार हमारे देश की खास विशेषता हैं। इससे आने वाली पीढ़ियां हमारे देश की ऐतिहासिक धरोहरों और परंपराओं को जानती और उनसे जुड़ी वीरतापूर्ण और नीतिपरक कहानियां पढ़-समझ कर उनसे प्रेरणा लेती हैं। हमारा इतिहास और सामाजिक-सांस्कृतिक परंपराएं न केवल पुरानी चीजों से हमारा परिचय कराती हैं, बल्कि शुरुआत से लेकर अब तक के बदलाव के विभिन्न चरणों से भी रूबरू कराती हैं। त्योहार मनाने के पीछे यह सोच भी काम करती है कि इस बहाने हम स्वयं के सृजन से लेकर वर्तमान और वर्तमान की कोशिश से हम भविष्य कैसा बनाना चाहते हैं, उसकी नींव गढ़ते हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, त्योहार हमें अपने घर के साथ-साथ अपने आसपास की जगहों तथा मुहल्ले को भी स्वच्छ और सुंदर रखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, ताकि सब कुछ चकमक करें। इस कार्य में स्थानीय नेता और सरकार भी भागीदारी निभाते हैं, तभी पर्व त्योहार के आने से पहले ही हमारे नेतागण अपना पोस्टर लगवाते हैं और जताते हैं कि जनता के लिए महत्त्वपूर्ण पर्व-त्योहार उनके लिए भी महत्त्व रखते हैं, तभी इन पर्व-त्योहारों के अवसर पर हमारे नेतागण काफी काम करवाते हैं।

# भारत पर हिंदी और हिंदू का स्वामित्व

भारत पर हिंदी और हिंदू का स्वामित्व! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 अक्तूबर, 2022 को महाकाल मंदिर के नए नौ सौ मीटर गलियारे का उद्घाटन करने के लिए मध्य प्रदेश के उज्जैन में थे।



प्रधानमंत्री मोदी एक धर्मनिष्ठ हिंदू हैं। अधिकतर भारतीय धर्मनिष्ठ हिंदू हैं। दूसरे अन्य लोग, जो हिंदू नहीं हैं, वे भी समान रूप से दूसरे धर्मों के प्रति आस्थावान हैं। महाकालेश्वर मंदिर जाकर मोदी ने पूजा-अर्चना की और जितना मैं देख पाया, उस कार्यक्रम के हर मिनट का सभी चैनलों पर कर्तव्यपरायणता के साथ सीधा प्रसारण किया गया। गर्भगृह में उन्हें एक सुनहरा अंगवस्त्रम और एक भगवा दुपट्टा ओढ़ाया गया। उनके माथे पर चंदन का लेप और एक बड़ा-सा तिलक था। जब उन्होंने सभा को संबोधित किया (मुझे लगता है कि लगभग सभी हिंदुओं को), तो साफ लग रहा था कि उन्होंने अच्छी तैयारी की थी। उन्होंने पूरे देश में स्थित प्राचीन नगरों और उनके महान मंदिरों का स्मरण किया। उन्होंने शास्त्रों से संस्कृत की पंक्तियां उद्धृत की। शिवभक्ति के महत्त्व पर विस्तार से बात की। हालांकि यह स्पष्ट नहीं था कि उन्होंने उन पंक्तियों को रटा था या उनके सामने टेली-प्रांपटर पर वे चलाई जा रही थीं (टीवी कैमरे से वह छिपा हुआ था)। जो भी हो, वह एक प्रभावशाली प्रदर्शन था। वह कोई आम उद्घाटन भाषण नहीं था। उसे प्रवचन कहा जा सकता है, किसी हिंदू उपदेशक द्वारा सभी हिंदू श्रोताओं को दिया जाने वाला एक आध्यात्मिक प्रवचन, जो उनके हर शब्द को पसंद करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत एक महान आध्यात्मिक यात्रा पर है और 'हम भारत के आध्यात्मिक गौरव को आगे बढ़ा रहे हैं'। उन्होंने अपने भाषण का समापन कई बार 'जय जय महाकाल' के जाप के साथ किया, जिसे श्रोताओं ने बड़े उत्साह के साथ दोहराया। संदेश साफ था कि श्री मोदी के इतिहास के पन्नों में भारत एक हिंदू भारत है और उनके सपनों का भारत एक हिंदू भारत होगा।

सब कुछ चित्रमय लग रहा था। मगर उसमें एक बात बार-बार याद आ रही थी कि श्री नरेंद्र मोदी कोई आम आदमी नहीं, बल्कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री हैं- एक ऐसे राष्ट्र के, जो हिंदुओं (79.8 प्रतिशत), मुसलिम (14.2), ईसाई (2.3), सिख (1.7) और अन्य (2.0) से बना है- और वे भारत के संविधान के अनुसार, भारत के सभी लोगों के लिए काम करने और बोलने को बाध्य हैं। वह भारत, जो पिछले दो हजार वर्षों में बना है, और जो हमारे सपनों का भारत बनेगा, वह हर भारतीय द्वारा बनाया जाएगा, चाहे उसकी आस्था कुछ भी हो। इसीलिए संविधान में स्पष्ट रूप से 'समानता' का उल्लेख है और 'धर्मनिरपेक्षता' पर जोर देने के लिए संविधान में संशोधन किया गया था, जो हमेशा से एक गणतांत्रिक भावना के रूप में निहित था।मुझे खुशी है कि प्रधानमंत्री उज्जैन के उद्घाटन समारोह में गए, लेकिन मैं उन्हें किसी मस्जिद या गिरजाघर के जीर्णोद्धार/प्रतिष्ठापना में भी देखना चाहता हूं। मुझे खुशी है कि प्रधानमंत्री ने हिंदुओं की आध्यात्मिक यात्रा के बारे में बड़े सुंदर ढंग से बात की, लेकिन मैं चाहूंगा कि वे मुसलमानों, ईसाइयों और अन्य लोगों की आध्यात्मिक यात्रा का भी उत्सव मनाएं। मुझे खुशी है कि प्रधानमंत्री ने हिंदू धर्मग्रंथों का हवाला दिया, लेकिन मैं चाहूंगा कि वे कभी-कभी बाइबिल से कोई प्रेरक प्रसंग या कुरान से कोई गंभीर आयत या गुरु ग्रंथ साहिब से कोई भावपूर्ण भजन भी उद्धृत करें।

जब प्रधानमंत्री हिंदू धर्म का उत्सव मना रहे थे, तब गृहमंत्री चुपचाप हिंदी भाषा को आगे बढ़ा रहे थे। गृहमंत्री राजभाषा समिति के पदेन अध्यक्ष होते हैं। इसकी ग्यारहवीं रिपोर्ट 9 सितंबर, 2022 को राष्ट्रपति को सौंपी गई, मगर उसे गुप्त रखा गया। जब 'द प्रिंट' ने उसके संबंध में समाचार प्रकाशित किया, तो लोगों को उसके बारे में जानकारी मिली। वह खबर निश्चित रूप से भारत के गैर-हिंदीभाषी राज्यों में चर्चा का विषय बनेगी।

## बात ज्ञान की

**फ़रमाने मुस्तफा जो कोई तमाम मोमिन मी और औरतों के लिये दुआए मरिफ़रत करता है , अल्लाह - उस के लिये हर मोमिन मर्द व औरत के इवज़ एक नेकी लिख देता है । अरबों नेकियां कमाने का आसान नुस्ख़ा मिल गया !**

## मजहब-ए-इस्लाम


# अल्लाह के रसूल की दावत

हज़रत अली और हज़रत उस्मान की नबी ऐ पाक (स) एक बार हजरत उस्मान गनी रज़ी अल्लाह अन्हो ने नबी करीम (स)की दावत की कहा हुज़ूर आप मेरे घर तशरीफ़ लाए, नबी ने दावत कुबूल करली।.

मगर हजरत उस्मान गनी ने एक अनोखा काम किया की आप नबी के पीछे पीछे चलने लगे और नबी के कदम गिनने लगे एक दो तीन चार नबी (स) ने फरमाया उस्मान ये क्या कर रहे हो हजरत उस्मान ने फरमाया आप मेरे घर आ रहे है आपकी ताजीम में आपकी मोहब्बत में आप जितने कदम मेरे घर की तरफ चलोगे मै अल्लाह की रजा के लिए उतने गुलाम आज़ाद कर दूंगा यानी हर एक कदम पे एक गुलाम की आज़ादी ये कीमत कोई कम नहीं थी गुलाम कोई एक दो रुपए की चीज नहीं थी और फिर जितने कदम उतने गुलाम आज़ाद करना बहुत बड़ी बात थी लेकिन हजरत उस्मान गनी ने ऐसा ही किया और जितने कदम नबी (स) पाक चल कर आए उतने गुलाम उन्होंने आज़ाद कियेएक और मशवरा हुआ और। ये मशवरा भी कमाल का था हजरत अली अलैहिस्सलाम और हजरत फातिमा जेहरा के घर हजरत अली अलैहिस्सलाम कुछ गमजदा थे हजरत फातिमा ने इरशाद फरमाया की ऐ मेरे सर के ताज आप क्यू गमजदा हैहजरत अली। ने फरमाया कि आज मेरे भाई उस्मान ने नबी की दावत की है किस शान से दावत हुई कि हर हर कदम पे एक गुलाम आज़ाद किया मेरे पास तो इतना माल नहीं ना ही कोई गुलाम है मै किसे आज़ाद करू मेरे पास कोइ माल ओ जर नहीं जो नबी (स) पाक की ऐसी दावत करू। हजरत फातिमा फरमाती है आप जाए और नबी (स) पाक की वैसी ही दावत करदे हजरत अली जानते थे कि घर। में खाने को कुछ भी नहीं है हम कैसे उनकी ऐसी दावत करेंगे अब नबी (स) करीम की शहजादी ने फरमाया है तो हजरत अली ने जाकर वैसी ही दावत करदी और कहा आका आप मेरे घर तशरीफ़ लाए नबी (श) ने दावत कुबूल करली और सहाबा इकराम की जमात को कहा चलो अली के घर दावत है नबी (स) के कहने पर सारे सहाबा हजरत अली। के घर आ गए लेकिन हकीकत तो ये थी कि गुलाम आज़ाद करना तो दूर की बात है उस दिन अली के घर खाने को भी कुछ नहीं था। हजरत फातिमा ने क्या करा की बर्तन चूल्हे पे रखे और खुद सजदे मै चली गई और अल्लाह की बारगाह में अर्ज़ किया। या अल्लाह मैंने तेरे हबीब की दावत की है और नबी 9स)अपने सहाबा के साथ मेरे घर आ गए है और मेरे घर खाने को कुछ नहीं अब मेरी लाज तेरे हाथ हैहजरत फातिमा की दुआ ऐसी कुबूल हुई कि उन बर्तनों में जन्नती खाना भर दिया गया जब खाना तकसीम किया गया तो सारे सहाबा हैरान की ये ज़ायका तो पहले कभी नहीं चखा जब सारे सहाबा हैरान हो गए तो नबी(स) ने इरशाद फरमाया आए सहाबा जानते हो ये खाना कहा से आया सहाबा ने इरशाद फरमाया अल्लाह के रसूल बताए ये कहा से आया तो नबी फरमाने लगे ये खाना जन्नत से आया है अल्लाह हू अकबर ए सहाबा मेरी दावत के बदले दावत हुई लेकिन जन्नती खाने से हुई अब खाना तो हो गया अब आ गई वहीं शर्त गुलाम आज़ाद करने की हजरत फातिमा फिर सजदे मै चली गई और अर्ज़ किया।

## बच्चों की कहानी

# चार दोस्त



एक सुंदर जंगल में चार दोस्त रहते थे एक हिरण और एक कछुआ एक कौआ और एक चूहा वे हमेशा एक दूसरे के साथ ज्यादा वक्त बिताते थे और वह हमेशा एक आम के पेड़ के नीचे मिलते । रोज की तरह सभी आम के पेड़ के पास जमा हुए लेकिन हिरण नहीं आया सभी बहुत दुखी हुए ,कछुए ने कौए से हिरण को ढूंढने के लिए कहा और कौआ हिरण की खोज में निकल पड़ा सभी जगह ढूंढने के बाद उसने देखा कि हिरण एक शिकारी के जाल में फंसा हुआ था वह मदद के लिए चिल्ला रहा था

कौआ तुरंत अपने दोस्तों के पास गया और उन्हें जाकर बताया किरण जाल में फस गया है हिरण के जाल को काटने के लिए उन्होंने अपने दोस्त चूहे को भेजा कौए ने चूहे को अपनी पीठ पर बिठाकर उड़ा और कछुआ उनके पीछेआया तो वहां जल्दी चूहे ने अपने दांतों से जाल को काटने लगा और हिरण आजाद हो गया लेकिन उसी वक्त वहां पर शिकारी आ गया एक ही क्षण में कौआ पेड़ पर जा बैठा चूहा पेड़ के पीछे जाकर छिप गया हिरण दूर भाग गया लेकिन कछुआ तेज दौड़ नहीं सका और शिकारी ने कछुए को थैली में डाल दिया

अब अपने दोस्त को खतरे से बचाने के लिए फिर उनको एक उपाय सोचा वह जाकर शिकारी की पथ पर खड़ा हुआ शिकारी ने हिरण को देखते ही उसने टहलने को नीचे गिरा दिया और हिरण के पीछे भागने लगा चूहा आकर थैले को अपने दांतों से काट कर कछुए को बाहर निकाल दिया हिरण तेज दौड़ कर शिकारी से बचकर भाग निकला

3. राजा और बंदर

एक राजा का अंगरक्षक एक बंदर था वह बंदर राजा का बड़ा ही भक्त था । राजा उस बंदर पर बड़ा ही विश्वास करता था । राजा का एक विश्वासपात्र होने के कारण वह बिना किसी रोक-टोक के राज महल में आया जाया करता था । वह राजा की बड़ी सेवा करता था 1 दिन राजा आराम कर रहा था और बंदर राजा की पंखे से हवा कर रहा था उसी दौरान एक मक्खी बार-बार आकर राजा के आसपास घूमने लगी ।

बंदर मक्खी को बार-बार उड़ाता पर मक्खी बार-बार राजा के ऊपर आकर बैठ जाती तभी बंदर को मक्खी उड़ाने का एक उपाय तुझा । वह तलवार लेकर आया और को देखने लगा मक्खी राजा की नाक पर आकर बैठ गई तभी बंदर ने जो उससे पर वार किया मक्खी तो उड़ गई परंतु राजा तलवार से घायल हो गया और उसकी नाक कट गई । इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि मूर्ख लोगों से कभी मित्रता नहीं करनी चाहिए।







नोएडा। जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा ,अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सदस्य दिनेश अवाना, पूर्व महानगर अध्यक्ष शहाबुद्दीन ने पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए हो रहे चुनाव में वोट डाला।

## परिवार की ओर से पता बताने वाले को 30 हजार रुपए इनाम दिया जाएगा

जय हिन्द संवाद

**दादरी।** सभी बहन भाईयों से प्रार्थना की जाती है कि एक लड़का जिसका नाम मोहित रावल हैं। उम्र लगभग 23 वर्ष कद 5 फिट 7 इंच रंग गेहूं दिनांक 03-10-2022 समय : सांय 9 बजे से लापता है । जिसने टी-शर्ट नीले, हाफ पैंट पहनी हुई हैं। व हाथ पर गांव का नाम व उस के पिता जी का नाम लिखा हुआ है। किसी भी सज्जन को मेरे पुत्र मोहित रावल के बारे में किसी भी प्रकार की



जानकारी मिलती हैं । कृपया निम्नलिखित नम्बर पर सूचित करने की कृपया करें । पहुंचाने वाले को उचित ईनाम दिया जायेगा ।

मोबाइल नंबर : 9889444402, 9717517352 9711552375, 7838731604

सुनिल पुत्र श्री मोहिल रावल निवास घोड़ी बच्छेड़ा, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर



नोएडा। नोएडा महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राम कुमार तंवर के नेतृत्व में नोएडा महानगर से सभी पीसीसी पदाधिकारियों ने लखनऊ कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर डाली वोट लोकतंत्र को मजबूत करने वाली कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वतंत्र चुनाव इतिहास में दर्ज होगा। जिसमें मुख्य रूप से नोएडा महानगर कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार तवर सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस सोनू प्रधान, सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेश रिजवान चौधरी हरेंद्र शर्मा, जितेंद्र चौधरी उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय विशाल कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन

जय हिन्द संवाद

**दादरी।** जेडीबी रूपबास में दादरी तहसील के रूपवास गांव में एक दिवसीय विशाल कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में दादरी क्षेत्रीय विधायक तेजपाल नागर जी ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

जिसमें अपने संबोधन में विधायक तेजपाल नागर जी ने कहा कि खेल एक ऐसी ऊर्जा है जो शरीर को स्वस्थ बनाए रखने का काम करती हो उन्होंने कहा है कि गांव रूपवास मेरा एक परिवार की तरह है और मैं अपने गांव रूपवास में जब भी मेरे बुजुर्ग नौजवान साथी आदेश करेंगे उनके आदेश का पालन करूंगा और मैं युवाओं को रोजगार और कार्य करने का हर संभव मदद करूंगा भारतीय किसान यूनियन अंबावता के दादरी तहसील अध्यक्ष किसान नेता राजकुमार रूपबास का कहना है कि हमारे गांव रूपवास में जो एकदिवसीय टूर्नामेंट हुआ था उसमें लगभग 25 टीमों ने भाग लिया पानीपत सोनीपत बागपत गाजियाबाद महमूदपुर फौजी एकेडमी नई बस्ती डेरी इश्कनर दुजाना जिंद धनकड़ बुलंदशहर नरौली रूपबास फतेहपुर दिल्ली



तिलपता आदि टीमों ने भाग लिया जिसमें फाइनल मुकाबला फतेहपुर दिल्ली और दुजाना के बीच रहा फतेहपुर दिल्ली ने 40 अंक प्राप्त किए दुजाना की टीम ने 30 अंक प्राप्त किए फाइनल मुकाबला फतेहपुर दिल्ली की झोली में गया जिसमें प्रथम स्थान फतेहपुर दिल्ली विनर रही जिसको कमेटी के सदस्यों ने और डॉक्टर महावीर और विक्रम सिंह ने 31000 हजार ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया दूसरे स्थान पर दुजाना की टीम रही।

जिसको 21001 ट्रॉफी देकर सम्मानित किया तृतीय स्थान पर जिंद पानीपत रही जिसको 11000 ट्रॉफी देकर सम्मानित किया उसी बीच हास्य कलाकार अमन भाटी जो खालिद का रोल करते हैं मोहित भाटी जो चाचा श्यामलाल का रोल करते हैं और सुनील भाटी जो आदमी का रोल करते हैं उन्होंने भी कबड्डी टूर्नामेंट में आकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

बेस्ट डिफेंडर पास रहे बेस्ट राइडर बॉबी कसाना रहे रहे अतिथि के रूप में आए नवाब सिंह नागर गन्ना विकास मंत्री गोविंद चौधरी जिला क्षेत्रीय मंत्री गीता पंडित चेयरमैन श्री चंद्र सिंह शर्मा के बेटे अवनीश शर्मा कमेटी सदस्य लीलू गुरुजी किसान नेता राजकुमार रूपवास अमित कुमार दीपक कुमार मनीष कुमार सत्येंद्र एडवोकेट नरेश एडवोकेट यशपाल चमन अवाना मंत्री महानगर नोएडा नवीन भाटी महेश अवाना मनीष नागर, किसान नेता नरेश चपर गढ़ राकेश भाटी चेयरमैन ऑक्सफोर्ड महेंद्र बादलपुर डॉक्टर देवेंद्र नागर श्वेता त्यागी सत्येंद्र अवाना जारचा स्पेक्टर ज्ञान सिंह गुर्जर दादरी एसएसआई दिनेश मलिक रेलवे रोड चौकी इंचार्ज नीरज अहलावत संजीव मुकदम अमित कसाना नरेंद्र नेताजी मुनेंद्र पहलवान ठाकुर मुकेश सोलंकी पवन तेवतिया श्याम सिंह भाटी विकास शैलेंद्र नागर जागेश पूर्व कमिश्नर हरप्रसाद कैन पूर्व एसीपी ओम प्रकाश कुमार प्रमोद यादव डॉ महावीर डॉक्टर विक्रम चिंता प्रधान खेमचंद भगत जी सुरेश प्रधान कैप्टन जय राम जयपाल हवलदार किरण भूमेश शेरू पहलवान सुरेंद्र नेताजी करतार सिंह इकराम प्रधान धूम सिंह भगत जी जीतराम चरण सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# 15 मिनट लेट होने पर स्कूल का गेट किया बंद, बच्चे बाहर



जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** सेक्टर 27 स्थित एक निजी विद्यालय के लगभग 10 विद्यार्थियों को पांच से पन्द्रह मिनट देर से पहुंचने पर विद्यालय प्रशासन ने उनको विद्यालय परिसर के अन्दर लेने से मना कर दिया जिसमें कुछ विद्यार्थियों के अभिभावक उनको गेट पर छोड़कर अपने कार्य पर निकल गए और कुछ विद्यार्थी स्वयं ऑटो से विद्यालय पहुचे थे तथा बाकी विद्यार्थियों के अभिभावकों ने 30 मिनट की जद्दोजहद के बाद उनमें से एक अभिभावक अमित अग्रवाल ने फोन कर गौतमबुद्धनगर पेरेंट्स वेल्फेयर सोसाइटी (जीपीडब्ल्यूएस) को फोन कर इस समस्या को बताया।

जीपीडब्ल्यूएस के संस्थापक मनोज कटारिया ने बताया कि अभिभावकों का फोन आने के बाद उन्होंने तुरंत प्रधानाचार्या की सहायक को फोन किया परन्तु सहायक आज छुट्टी पर थी और उन्होंने विद्यालय के नंबर पर फोन करने के लिये कहा। विद्यालय ने फिर सभी विद्यार्थियों को परिसर के अन्दर ले लिया। विद्यार्थियों को देर हो जाने पर विद्यार्थियों को कभी भी परिसर के अन्दर लेने के लिए विद्यालय प्रशासन को मना नहीं करना चाहिए इससे एक तो विद्यार्थियों की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न होता है दूसरा नादान बच्चों को गलत राह पर भटकने का अवसर प्रदान करता है।जीपीडब्ल्यूएस शीघ्र ही जिला प्रशासन से मिलकर इस विषय में एक ज्ञापन सौंपकर जनपद के सभी निजी एवं राजकीय विद्यालयों के इस नियम जिसमें देर से आने पर विद्यार्थियों को परिसर के अन्दर आने की अनुमति नहीं दी जाती है को संशोधित करने का निवेदन कर विद्यार्थियों के भविष्य में होने वाली दुर्घटना की संभावना से बचाएगा के लिए अपनी बात रखेगा।

## घर से खेलने निकले 3 बच्चे हुए लापता

**कानपुर।** जूही थानाक्षेत्र स्थित रेलवे मिलेट्री कैंप कालोनी से तीन बच्चे रविवार दोपहर बाद लापता हो गए। लापता बच्चों में एक 11 साल की बच्ची भी है। सूचना मिलते ही दक्षिण जोन की पुलिस सक्रिय हुई। बच्चों की तलाश में तीन टीमों को गठन किया गया है। मोबाइल सर्विलांस और सीसीटीवी की मदद से भी बच्चों को तलाश किया जा रहा है।

## 1600 रुपये किराए के लिए मकान मालिक ने मजदूर पर किया जानलेवा हमला, मौत

जय हिन्द संवाद

**लखनऊ।** ठाकुरगंज के दौलतगंज में 26 वर्षीय वकील अहमद आर्थिक तंगी होने के कारण मकान मालिक को एक महीने का 1600 रुपये किराया नहीं दे सका। इससे क्रोधित होकर मकान मालिक ने एक हफ्ते पहले वकील की पिटाई कर दी। जिससे उसे गंभीर चोटें आयीं। शनिवार रात एकाएक हालत बिगड़ गई जिससे देर रात उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने वकील के भाई के आरोप के आधार पर आरोपित मकान मालिक समेत दो के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वहीं, देर शाम मकान मालिक को हिरासत में ले लिया। वकील के परिवारजन ने पुलिस पर भी लापरवाही का आरोप लगाया है। वकील अहमद मूल रूप से सीतापुर बिसवां के रहने वाले थे। उनके भाई मोहम्मद अहमद ने बताया कि भाई कई महीने से दौलतगंज में रहने वाले रफी अहमद के मकान में 1600 रुपये प्रति माह किराए पर रह रहा था। भाई यहां पत्नी खुशनुमा के साथ रह रहा था। भाई मजदूरी के लिए मंडी जाता था। जहां से लोग उसे काम के लिए ले जाते थे।

# हमारी वाचिक परंपरा को समृद्ध कर रहा है 'कथा संवाद' : डॉ. संजय द्विवेदी



आलोक यात्री

**गाजियाबाद।** भारतीय जन संचार संस्थान के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी ने कहा कि भारत विश्व का पहला देश है जहां कथा का जन्म हुआ। हमें गर्व है कि किस्सागोई की परंपरा हमसे ही पूरे विश्व में फैली है। हमारी वाचिक परंपरा ने ही वेद, पुराण, उपनिषद व अन्य ग्रंथों को संरक्षित करने का काम किया है। हमारी पौराणिक कथाएं लोकरंजन के अलावा हमें लोक संस्कृति व लोकाचार से जोड़ने का काम करती हैं। मीडिया 360 लिट्रेरी फाउंडेशन के कथा संवाद में बतौर अध्यक्ष उन्होंने कहा कि किस्सागोई के आयोजन महाराष्ट्र में ही देखने को मिलते थे, लेकिन आज कथा संवाद जैसे आयोजन इसे समृद्ध करने का बड़ा काम कर रहे हैं।

होटल रेडबरी में आयोजित कथा संवाद में मुख्य अतिथि रेणु हुसैन ने कहा कि आज जब हम कहानी पर गहराते संकट पर चिंता जताते हैं तो हमें आश्वस्त होना चाहिए कि ऐसी कार्यशालाएं भी हैं जो कहानी को संरक्षित करने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कथा संवाद जैसे आयोजन कथा-कहानी को संरक्षित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने वह दुनिया की सबसे खूबसूरत औरत थी, अर्चना शर्मा ने वो कहां था, पुष्पा जोशी ने उत्तराधिकारी, रिंकल शर्मा ने प्यारा सा ठग, रश्मि वर्मा ने फोर बैडरूम फ्लैट, मीडिया 360 लिट्रेरी फाउंडेशन के अध्यक्ष शिवराज सिंह ने कहानी इकलौती एवं सिनीवाली ने अपने उपन्यास अंश का पाठ किया। सभी रचनाओं की मुक्त कंठ से सराहना की गई। इस अवसर पर डॉ. तारा गुप्ता, सुशील कुमार शर्मा, डॉ. प्रीति कौशिक, अनिमेष शर्मा, शकील अहमद सैफ, सत्यनारायण शर्मा, राष्ट्रवर्धन अरोड़ा, पराग कौशिक, आर. एल. शर्मा, शैलजा सिंह, अविनाश, प्रभात चौधरी, योगेश सिंह, अभिषेक कौशिक, सिमरन, कपिल कुमार, संगीता चौधरी, अजय कुमार, प्रभाकर नागपाल, साजिद खान सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन लेखक शेखर जोशी को श्रद्धांजलि से हुआ।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मोहम्मद समीर पुत्र याकूब मलिक निवासी जरकिन वाली गली नई आबादी दादरी तहसील दादरी जिला गौतमबुद्ध नगर है। मेरा नाम व पता सब सही है। मेरे सरकारी कागजातों में मेरे पिता का नाम कय्यूम दर्ज है जो कि गलत है। मेरे पिता का सही नाम याकूब मलिक है। मैं अब अपने समस्त सरकारी कागजातों में अपने पिता का सही नाम दर्ज कराना चाहता हूं।

# दीदी की रसोई ट्रस्ट ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** बच्चों व जरूरतमंद लोगों की सेवा में रात दिन लगी दीदी की रसोई ट्रस्ट ने 15 अक्टूबर 2022 को ट्रस्ट की अध्यक्ष रितु सिन्हा, सचिव सुरेश अग्रवाल व कोषाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा के नेतृत्व में मजदूर बस्ती शिव नगरी सेक्टर- 17, नोएडा पर कोल ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड सेक्टर- 16, नोएडा के डायरेक्टर श्री नवप्रीत जी के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में कई सों



गरीब बच्चों व जरूरतमंद लोगों को निशुल्क भोजन का वितरण किया।

इस अवसर पर दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष व समाजसेवीका रितु सिन्हा, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था लगातार गरीब जरूरतमंद लोगों की सेवा में लगी रहती है और संस्था की ओर से अलग-अलग स्थानों पर प्रतिदिन गरीब जरूरतमंद लोगों, बच्चों को भोजन का वितरण किया जाता है।

# त्रिपुरा के भाजपा प्रभारी सांसद डा. महेश शर्मा ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक

आलोक यात्री

**त्रिपुरा।** त्रिपुरा राज्य में होने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में उनाकोटी जिला के पार्टी पदाधिकारियों एवं मोर्चा अध्यक्षों के साथ त्रिपुरा प्रभारी एवं गौतमबुद्धनगर सांसद डा. महेश शर्मा बैठक की। उसके बाद उनकोटी जिला विभाग और प्रकोष्ठ संयोजक सह संयोजक के साथ संगठनात्मक बैठक की फिर उनाकोटी में आयोजित कोर कमेटी की बैठक में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ सम्मिलित हुआ।

कुमारघाट मंडल उनाकोटी जिले मे वृक्षारोपण किया । इस सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष राजीब भट्टाचार्जी, संगठन महामंत्री असम एवं त्रिपुरा फणिंद्रनाथ शर्मा जी, प्रदेश उपाध्यक्ष सुश्री





पाताल कन्या जमातिया, प्रदेश सचिव तापस मजूमदार, प्रदेश सचिव यादव लाल नाथ, जिलाध्यक्ष व विधायक परिमल देबबर्मा, सांसद रेवती त्रिपुरा, मंत्री मनोज कांति देब, विधायिका स्वप्ना दास व विधायक शंभुलाल चकमा जी व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# वाईएसएस फाउंडेशन द्वारा स्वच्छ यमुना मिशन का सामूहिक आगाज

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** यमुना नदी हमारे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की एकमात्र नदी है और इसकी सफाई के लिए सभी नागरिकों को सामने आना होगा। इसी प्रकरण में दिल्ली एनसीआर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने वाईएसएस फाउंडेशन के साथ मिलकर प्रत्येक रविवार को सुबह 7 बजे से 9 बजे तक यमुना की सफाई का विशेष अभियान चलाने का निश्चय किया है। जो कि संस्था पिछले काफी समय से हर रविवार को यमुना सफाई कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है। प्रत्येक रविवार को सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवी समूह द्वारा यमुना को निर्मल करने की दिशा में सार्थक प्रयास करने की कोशिश करते है। इस अभियान का नेतृत्व वाईएसएस फाउंडेशन के संस्थापक



एवं सदस्य सचिन गुप्ता एवं उनकी टीम ने किया।

विकृति फाउंडेशन के मुख्य सदस्य शंकर एवं उनकी टीम द्वारा इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण सहयोग रहा। यमुना अभियान के संचालक रामवीर प्रजापति द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को ऐसे अभियानों के लिए विशेष धन्यवाद दिया और कहा कि ऐसे लोग ही हमारे देश की नींव है जो स्वच्छता जागरूकता, जल एवं पर्यावरण संरक्षण में विशेष योगदान करते हैं। नमामि गंगे के संयुक्त तत्वाधान में वाईएसएस फाउंडेशन, विकृति फाउंडेशन एवं भारत विकास परिषद के संयुक्त प्रयास से आज यमुना घाट कालिंदी कुंज की सफाई का सामूहिक आगाज हुआ।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, दादरी ( गौतमबुद्ध नगर )**

पंत्राक : 876/न0पा0परि0दा0/क0वि0/2022-23 दिनांक 10.11.2022

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, दादरी के गृहकर पंजिका में उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम-1916 की धारा 147 के अन्तर्गत नाम परिवर्तन करने के अधिकार के गृहकर पंजिका में अन्तर्गत आवासीय भवन स0-330. वार्ड सं0-25, नई आबादी, कस्बा दादरी, परगना व तहसील दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर के खसरा नं0-1555 क्षेत्रफल 64 वर्गगज यानि कि 53.24 वर्गमीटर जो अब तक मौ0 सलीम पुत्र श्री शब्मीर अहमद निवासी-म0न0-246, खुरैजी खास, दिल्ली-51 के नाम नगर पालिका परिषद, दादरी के सम्पत्ति कर अभिलेखों में अंकित है। उक्त भवन को श्रीमती बल्लो पत्नी श्री शमशाद निवासी वार्ड सं0-25, वेस्ट बैंक वाली गली नई आबादी दादरी कस्बा दादरी परगना के तहसील दादरी जिला-गौतमबुद्धनगर द्वारा दिनांक 27.07.2022 को श्री सतीश चन्द गर्ग पुत्र श्री अवध बिहारी लाल निवासी- खारी कुआ, दादरी तहसील दादरी जिला- गौतमबुद्धनगर से क्रय कर लिया गया है, उक्त भवन को श्रीमती बल्लो पत्नी श्री शमशाद निवासी वार्ड सं0-25, बेस्ट बैंक वाली गली नई आबादी दादरी कस्बा दादरी परगना व तहसील दादरी जिला-गौतमबुद्धनगर ने एक प्रार्थना-पत्र दिनांक 12.05.2022. शपथ पत्र खतौनी व रजिस्ट्री की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है जिसके आधार पर इन्होने आवासीय भवन सं0-330, वार्ड सं0-25. नई आबादी करवा दादरी परगना व तहसील दादरी, जनपद गौतमबुद्धनगर के खसरा नं0-1555 क्षेत्रफल 64 वर्गगज यानि कि 63.24 मीटर को अपने नाम परिवर्तित किये जाने हेतु अनुरोध किया है। उक्त सम्पत्ति को श्रीमती बल्लों पत्नी श्री शमशाद निवासी वार्ड सं0-25. वेस्ट बैंक वाली गली नई आबादी दादरी कस्या दादरी व तहसील जिला-गौतमबुद्धनगर के नाम नगर पालिका परिषद दादरी के गृहकर पंजिका में दर्ज की जाती है।

इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपति हो तो इस प्रकाशन दिनांक से अन्दर के कार्यालय में उपलब्ध करा देवधिर्ण होने की निदान कर दी जायेगी।

**( समीर कुमार कश्यप )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**दादरी, ( गौतमबुद्ध नगर )**

# आज मिलेगी पीएम किसान योजना की 12वीं किस्त

जय हिन्द संवाद

पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 12वीं किस्त आज यानी 17 अक्टूबर को किसानों के बैंक खाते में आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में पीएम किसान सम्मान सम्मेलन 2022 का उद्घाटन करेंगे। इसी कार्यक्रम में किसानों के खातों में किस्त जारी की जाएगी।

ऐसे चेक करें आपको पैसा मिलेगा या नहीं

अगर आपने योजना का फायदा लेने के लिए आवेदन किया है और अब अपना नाम लाभार्थियों की सूची में देखना चाहते हैं तो सरकारी वेबसाइट pmkisan.gov.in पर चेक कर सकते हैं।

**मोबाइल पर भी चेक कर सकते हैं स्टेटस**

किस्त का स्टेटस आप अपने मोबाइल पर भी चेक कर सकते हैं। इसके लिए आपको सबसे पहले पीएम किसान मोबाइल ऐप डाउनलोड करना होगा। ऐप के जरिए आप नए किसान के रूप में रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। अपने आवेदन की स्थिति की जांच कर सकते हैं। सब्मिट की गई जानकारी में किसी भी तरह का सुधार कर सकते हैं। बेनिफीशियरी लिस्ट में अपना स्टेटस देख सकते हैं। अपना ट्रांजैक्शन नंबर चेक कर सकते हैं। इसके अलावा भी और कई सुविधाएं हैं।



**क्या है प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना**

इस योजना के तहत छोटे और सीमांत किसानों को 2-2 हजार रुपए की तीन किस्तें साल में (कुल 6000 रुपए) दी जाती हैं।

### किस्त का स्टेटस कैसे चेक करें?

पीएम किसान की ऑफिशियल वेबसाइट https://pmkisan.gov.in पर जाए।

होम पेज पर फार्मर्स कॉर्नर में बेनिफीशियरी स्टेटस पर क्लिक करें।

यहां आधार नंबर, अकाउंट नंबर या मोबाइल नंबर एंटर करें।

गेट डेटा पर क्लिक करने के बाद आपकी जानकारी सामने आ जाएगी।

इसमें आप अपनी किस्त का स्टेटस देख सकते हैं।

योजना के पात्र लाभार्थी कॉमन सर्विस सेंटर के जरिए भी अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसके अलावा स्थानीय पटवारी, राजस्व अधिकारी और योजना के लिए राज्य सरकार की ओर से नामित नोडल अधिकारी ही किसानों का रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं।

## चीन चित, अब 40 प्रतिशत लाइटिंग देसी

दिवाली नजदीक आते ही रोशनी के इस त्योहार के लिए लाइटिंग का बाजार सज गया है। 1,000 करोड़ रुपए के इस बाजार पर कई साल से चाइनीज प्रोडक्ट्स का 100 कब्जा था। हालांकि गलवान संघर्ष के बाद चीन के प्रति उठा गुस्सा अब तक कायम है। ग्राहक मेड इन इंडिया झालर पसंद कर रहे हैं। यही कारण है कि बाजार में 30-40 ऐसी झालर बिक रही हैं। खास बात यह है कि जहां चीनी झालर की वारंटी नहीं होती, वहीं भारतीय झालर पर 3-4 सीजन की वारंटी दी जा रही है।

इस साल डिजाइनर (जॉय) लाइटिंग की डिमांड ज्यादा है। ओरिएंट इलेक्ट्रिक के EVP अतुल जैन ने बताया कि दिवाली पर जॉय लाइटिंग का बिजनेस 80-100 करोड़ का होता है। इस साल घरेलू कंपनियां अच्छी गुणवत्ता की झालरें लाई हैं। इनमें दीए, भगवान गणेश, स्वस्तिक जैसी डिजाइन शामिल हैं। 40-50 हजार डीलर्स के जरिए झालर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**मोबाइल और लैपटॉप से कंट्रोल होने वाली लाइटिंग की डिमांड**

अब कमरे और इस्तेमाल के हिसाब से अलग-अलग लाइट खरीदी जा रही है। कलर चेंजिंग और डिम होने वाली लाइट के अलावा रिमोट कंट्रोल्ड, मोबाइल और लैपटॉप से नियंत्रित होने वाली लाइटिंग की डिमांड भी है। ये सभी तरह की लाइट देश में ही असेंबल हो रही हैं। बीते 5 सालों में एनर्जी सेविंग लाइटिंग आने से बिजली की खपत में भी काफी कमी आई है।



इलेक्ट्रिक लैम्प एंड कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के मुताबिक, देश में LED लाइटिंग कारोबार 23,000 करोड़ रु. का है। इसमें कंज्यूमर लाइटिंग की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत है।

**लाइटिंग में चीन और अन्य देशों पर है निर्भरता**

भारत में कुल लाइटिंग में LED की हिस्सेदारी 92 प्रतिशत तक है। हालांकि निर्माण बहुत कम है। अब भी LED के 65 प्रतिशत कॉम्पोनेंट्स के लिए चीन और अन्य देशों पर निर्भरता है।

**85 असेंबलिंग देश में**

ओरिएंट इलेक्ट्रिक के अतुल जैन PLI स्कीम के बाद लाइटिंग निर्माताओं के हौसले बुलंद हैं। फिनिश्ड प्रोडक्ट में चीन पर निर्भरता खत्म-सी हो गई है। 85 प्रतिशत असेंबलिंग यहीं होने लगी है।

# हत्या और आत्महत्या के बीच फंसा सेक्टर-22 में मिला शव

जय हिन्द जनाब

**नोएडा।** सेक्टर-22 के ई-ब्लॉक में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद आसपास के इलाकों में सनसनी फैल गई है। पुलिस के आला अधिकारी मौके पर जांच पड़ताल में जुट गए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह मामला हत्या है या आत्महत्या पुलिस के लिए यह अभी सवाल बना हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की घटनास्थल पर जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, यह घटना थाना सेक्टर-24 के अंतर्गत सेक्टर-22 ई-ब्लॉक की है। जहां रविवार देर रात एक मकान में शव होने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलने के बाद आला अधिकारी और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। शुरुआती जांच में युवक का शव करीब 20 घंटे पुराना लग रहा है। पुलिस को घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान नशीलें पदार्थ बरामद हुए हैं।



पुलिस ने बताया कि मृतक सेक्टर-22 में किराए पर कमरा लेकर रहे रहा था। वह हमीरपुर का मूलनिवासी बताया गया है। युवक की पहचान इरफान खान के रूप में हुई है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि इफरान ने शराब का अधिक सेवन कर लिया होगा। नशे की हालत में उसकी गिरने से सर पर चोट आई है। इस वजह से युवक की मौत हुई है। दूसरा तर्क यह भी है कि किसी ने युवक के सिर पर किसी भारी हथियार से हमाला किया है, जिससे वह बेहोश हो गया और अधिक खून बहने के कारण उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पुलिस इस बारे में कोई ठोस जानकारी दे सकती है, फिलहाल पुलिस की टीम अन्य सबूतों के आधार पर गहनता से जांच कर रही है।

### दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष के घर हमला

# गाड़ियों में की तोड़फोड़

जय हिन्द संवाद



**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल के घर के बाहर सोमवार को हमला हुआ है। जिसमें उनकी कारों में तोड़फोड़ की गई है। गाड़ियों के शीशे चकनाचूर कर दिए गए हैं। इसकी जानकारी खुद स्वाति मालीवाल ट्वीट कर दी है। राहत की बात ये है कि इस हमले में स्वाती मालीवाल और उनके परिवार के लोग सुरक्षित हैं। डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने सोमवार की सुबह बताया कि अभी कुछ देर पहले मेरे घर पर कोई हमलावर घुस आया और उसने हमला किया। मेरी और मेरी मां की गाड़ी बुरी तरह से तोड़ दी और घर में घुसने की कोशिश की। शुक्र है मैं और मेरी मां दोनों घर पे नहीं थे, वरना पता नहीं क्या होता! कुछ भी करलो, मैं डरूंगी नहीं।

स्वाति मालीवाल का आरोप है कि जब से उन्होंने फिल्म प्रोड्यूसर और बिग बास प्रतिभागी साजिद खान के खिलाफ आवाज उठाई है, तब से उन्हें विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर धमकियां दी जा रही हैं।

## आगरा में शराब पीने पर टोका तो युवक की हत्या



**आगरा।** आगरा में देर रात शराब पी रहे युवक ने सब्जी विक्रेता की चाकू मारकर हत्या कर दी। सब्जी विक्रेता ने युवक को शराब पीने पर टोक दिया था। इसके बाद दोनों के बीच विवाद हुआ था। आरोपी युवक ने सब्जी विक्रेता के चाकू से ही उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# धनतेरस पर सोना लेना शुभ

समृद्धि की कामना के साथ धनतेरस और दिवाली की जोर-शोर से तैयारी चल रही है। इन त्योहारों पर सोना खरीदना शुभ माना जाता है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन पर 15 अक्टूबर को 24 कैरेट सोना 50,440 रुपए प्रति 10 ग्राम था, जबकि 18 कैरेट सोने की कीमत 37,829 रु. ही थी। इस लिहाज से सोना खरीदने से पहले शुद्धता पक्की करने जैसी बुनियादी बातों का ध्यान रखना जरूरी है।



हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। साथ में प्यूरिटी कोड, टेस्टिंग सेंटर मार्क, ज्वैलर का मार्क और मार्किंग की डेट भी जरूर देख लें।

सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई स्त्रोतों (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

सोना खरीदते वक्त कैश पेमेंट बड़ी गलती साबित हो सकती है। यूपीआई (जैसे भीम ऐप) और डिजिटल बैंकिंग के जरिये पेमेंट करना अच्छा रहता है। आप चाहें तो डेबिट या क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भी पेमेंट कर सकते हैं।

# बीजेपी इलेक्शन कमेटी की बैठक दिल्ली में शुरू

## उम्मीदवारों की अंतिम सूची पर मंथन, पार्लियामेंट्री बोर्ड की बैठक टलने के आसार

**नई दिल्ली।** हिमाचल विधानसभा चुनाव उम्मीदवारों के चयन के लिए भाजपा की स्टेट इलेक्शन कमेटी की बैठक दिल्ली में शुरू हो गई है। इसमें राज्य के तकरीबन 15 से ज्यादा नेता शिरकत कर रहे हैं।

स्टेट इलेक्शन कमेटी की इस बैठक के बाद जिन उम्मीदवारों की सूची तैयार होगी, उस पर पार्लियामेंट्री बोर्ड अंतिम मुहर लगाएगा, क्योंकि यह बैठक आज देर तक चलेगी। इस वजह से पार्लियामेंट्री बोर्ड की बैठक मंगलवार दोपहर बाद आयोजित होने की पार्टी सूत्रों ने जानकारी दी है। हरियाणा भवन के गेस्ट हाउस में शुरू हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सहित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और चुनाव प्रभारी सुदान सिंह, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल, प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना, इलेक्शन सह प्रभारी देवेंद्र सिंह राणा, चुनाव प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, महासचिव सतपाल सत्ती, त्रिलोक कपूर, राकेश जमवाल, त्रिलोक जमवाल, राज्य संगठन सचिव पवन राणा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रश्मि धर सूद बैठक में भाग ले रही हैं।



बता दें कि इलेक्शन कमेटी की मीटिंग में जो नाम फाइनल होंगे, उन्हें बीजेपी पार्लियामेंट्री बोर्ड के सामने रखा जाएगा। टिकट किसे दिया जाएगा, इस पर अंतिम फैसला पार्लियामेंट्री बोर्ड ही लेगा, लेकिन बीजेपी में टिकट बंटवारे को लेकर इस बार तगड़ी कशमकश चल रही है। ऐसे में पार्टी कैंडिडेट्स की लिस्ट 2 चरण में आ सकती है और 23 अक्टूबर से पहले सभी प्रत्याशियों की घोषणा हो जाने की उम्मीद है।

# इलेक्ट्रॉनिक्स मार्ट की धमाकेदार लिस्टिंग




कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स के रिटेलर इलेक्ट्रॉनिक्स मार्ट की सोमवार को 53 प्रीमियम पर लिस्टिंग हुई। इसका इश्यू प्राइस 59 रुपए था। NSE पर स्टॉक 90 रुपए और BSE पर 89.40 रुपए में लिस्ट हुआ। ये लिस्टिंग पिछले कुछ दिनों के ग्रे मार्केट के रुझान के अनुरूप हुई है। ग्रे मार्केट में इसका प्रीमियन 25-35 रुपए था।

इलेक्ट्रॉनिक्स मार्ट इंडिया लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर 4 अक्टूबर से पब्लिक सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन हुआ था। क्लोजिंग डेट 7 अक्टूबर 2022 थी। EMIL के IPO का प्राइस बैंड 56 से 59 रुपए प्रति इक्विटी शेयर था। IPO का लॉट साइज 254 शेयर्स का था। EMIL के IPO का साइज 500 करोड़ रुपए (6,25,00,000 शेयर्स) था। यानी कंपनी ने इश्यू से 500 करोड़ रुपए जुटाए हैं।

**35 हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए था रिजर्व**

कंपनी के इश्यू का 50 हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स के लिए रिजर्व रखा था। इसके अलावा 35 हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स और बाकी 15 हिस्सा नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व था।

**भारत में चौथी सबसे बड़ी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स रिटेल कंपनी**

कंपनी IPO से जुटाए गए पैसों को सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के अलावा कैपिटल एक्सपेंडिचर, लोन चुकाने, वर्किंग कैपिटल की आवश्यकताओं को पूरा करने में खर्च करेगी। 1980 में स्थापित इलेक्ट्रॉनिक्स मार्ट भारत में चौथी सबसे बड़ी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स रिटेल कंपनी है। देश के 36 शहरों में इसके 112 स्टोर्स हैं। इसका करीब 90 प्रतिशत रेवेन्यू रिटेल चेन्स के जरिए आता है।

# इस दिवाली करें स्मार्ट शॉपिंग

हार का सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे में लोग खरीदारी के मूड में भी आ चुके हैं। हालांकि, फेस्टिव सीजन किया गया खर्च आपका बजट बिगाड सकता है। ऐसे में त्योहारी सीजन में किए गए खर्च के लिए सही प्लानिंग जरूरी है। अगर स्मार्ट तरीके से पहले से प्लानिंग करके खर्चे हों तो त्योहारों को सेलिब्रेट भी किया जा सकेगा और खर्चे बजट में भी रहेंगे। आइए जानते हैं त्योहारों पर खर्चे मैनेज करने के ऐसी ही 4 स्मार्ट तरीकों के बारे में जानेगें।

**1. त्योहारी खर्चों के लिए बजट बनाएं**

सबसे पहले अपने त्योहारी खर्चों के लिए एक बजट निर्धारित करें। ऐसा न करने पर खर्चे क्षमता से ज्यादा हो जाते हैं। ज्यादातर लोगों को दिवाली पर बोनस मिलता है। इसे अगर सोच-समझकर खर्च किया जाए तो इससे भी वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिल सकती है। त्योहारी खर्चों के लिए बजट बनाते हुए मैक्सिमम लिमिट तय करें। लिस्ट में जरूरी चीजों को रखें और लिस्ट जरूरी क्रम में बनाएं। यानी सबसे जरूरी काम को सबसे पहले रखें। ताकि अगर फंड कम भी पड़े तो सबसे जरूरी चीजें न छूटें। वैसे तो त्योहारों पर खर्चे होते ही हैं लेकिन कोशिश करें कि आप इसमें बचत भी कर सकें।



**2. डिस्काउंट के चक्कर में फिजूल खर्च न करें**

ई-कॉमर्स कंपनियां एक से बढ़कर एक डील पेश कर रही हैं। सभी कंपनियां ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए बंपर छूट ऑफर कर रही हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि आप डिस्काउंट के चक्कर में आकर फिजूल के खर्च कर डालें। डिस्काउंट केवल जरूरत की चीजों को सस्ते में खरीदने में फायदेमंद रहता है। लेकिन यही डिस्काउंट कभी-कभी बेकार के खर्चे भी करा देता है।

**3. कोशिश करें खरीदारी बजट के अंदर ही हो**

त्योहारी सीजन में हमें से ज्यादातर लोग क्रेडिट कार्ड से खरीददारी इस भरोसे कर लेते हैं कि बोनस मिलेगा, उससे क्रेडिट कार्ड का बिल चुका देंगे। यह अच्छी आदत नहीं है। कभी भी भविष्य की कमाई पर खर्च नहीं करनी चाहिए। डाउन पेमेंट पर मुफ्त सहायक उपकरण के बजाय जीरो फीसदी EMI जैसे विकल्प का चयन लाभदायक हो सकता है। इससे आपकी वित्तीय स्थिति कमजोर हो सकती है। हमेशा खरीदारी तय बजट के अंदर करना ही सही होता है।

**4. खरीदारी से पहले तुलना करें**

खरीदारी करने से पहले एक बार सभी बेवसाइट पर कीमतों की तुलना जरूर कर लें। जब भी आप कुछ भी खरीद रहे हों, तो ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से तुलना करना बेहतर है। कुछ वस्तुओं के लिए आपको ई-कॉमर्स वेबसाइट पर अच्छे डील मिल सकते हैं, जबकि कुछ में आपको स्थानीय दुकानों से भारी छूट मिल सकती है। ऐसी डील के लिए पहले थोड़ा होमवर्क करना जरूरी है।







# कार्तिक आर्यन कैसे मनाएंगे दिवाली

अभिनेता कार्तिक आर्यन के सितारे बुलंदी पर हैं। एक ओर जहां उनकी फिल्मों को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है तो दूसरी ओर ऑफस्क्रीन भी उनके लिए फैन्स का क्रेज देखते ही बनता है। हाल ही में कार्तिक के गुटखा ऐड को मना करने की खबर सामने आई थी तो वहीं अब एक्टर का दिवाली प्लान सामने आया है। सत्यप्रेम की कथा एक्टर का एक वीडियो सामने आया है, जिस में वो अपना दिवाली प्लान बता रहे हैं। कार्तिक आर्यन का एक वीडियो स्पाइस ने शेयर किया है। इस वीडियो में कार्तिक कह रहे हैं, आप सभी को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं और मैं घर पर पूजा करने वाला हूं। मम्मी, पापा, मेरी बहन किट्टू और कटोरी. हम सब लोग साथ में पूजा करने वाले हैं। घर की सफाई करने वाले हैं और शायद नए कपड़े मम्मी पापा दिलवाएंगे मुझे। आप सब भी खूब मजा करें और मस्ती करें। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक जिस विज्ञापन में अक्षय कुमार, अजय देवगन और शाहरुख खान के साथ नजर आ रहे हैं, उसके लिए पहली पसंद कार्तिक आर्यन थे। एक ऐड फिल्ममेकर के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि इस गुटखा विज्ञापन के लिए कार्तिक को 15 करोड़ रुपये ऑफर हुए थे, लेकिन अभिनेता ने सीधे तौर पर इसके लिए मना कर दिया था। ऐड फिल्ममेकर ने कहा, शाहरुख और अक्षय के बाद, कंपनी एक यूथ स्टार को कास्ट करना चाहती थी, ऐसे में कार्तिक से अच्छी च्वाइस कोई थी नहीं। कार्तिक को इसके लिए 15 करोड़ रुपये भी ऑफर किए गए थे, लेकिन उन्होंने सीधे तौर पर इसके लिए मना कर दिया। इसके बाद मेकर्स ने अक्षय कुमार का रुख किया और फिर जो हुआ वो तो सभी जानते हैं। गौरतलब है कि भूल भुलैया 2 के चलते कार्तिक आर्यन को बॉलीवुड बॉक्स ऑफिस सेवियर कहा जा रहा है। कार्तिक के खाते में कई फिल्में शुमार हैं, जिनके लिए फैन्स एक्साइटिड हैं। आने वाले वक्त में कैप्टन इंडिया, शहजादा, फ्रेडी, सत्यप्रेम की कथा, लुका छुपी 2 और निर्देशक कबीर खान के साथ एक फिल्म में नजर आएंगे।



# सलमान ने सिद्धार्थ को दीं शादी की शुभकामनाएं





बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने रियलिटी टीवी शो 'बिग बॉस 16' के सेट पर सिद्धार्थ मल्होत्रा की खिंचाई की। सिद्धार्थ मल्होत्रा अपनी अपकमिंग फिल्म Thank God का प्रमोशन करने के लिए शो में आए थे। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी के बारे में पिछले काफी वक्त से ऐसी खबरें उड़ रही हैं कि दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। सलमान खान ने इन्हीं खबरों को लेकर सिद्धार्थ मल्होत्रा की खिंचाई की। बता दें कि सिद्धार्थ और कियारा के रिलेशनशिप और उनकी शादी के बारे में भी कई बार खबरें आती रही हैं लेकिन ऑफिशियल अनाउंसमेंट अभी तक नहीं आया है। शादी की खबरों के बीच सलमान खान ने वीकेंड का वार में सिद्धार्थ मल्होत्रा को शुभकामनाएं दे दीं। तो क्या सलमान खान की इन विशेज को सिद्धार्थ की शादी वाली खबरों पर आधिकारिक मुहर माना जा सकता है। सलमान खान ने सिद्धार्थ शुक्ला से कहा– शादी मुबारक हो। कियारा डिसीजन लिया है आपने, प्यारा डिसीजन।

और किसकी आडवाणी में, हे भगवान. किसकी एडवाइस पर लिया है आपने यह डिसीजन? सलमान खान की इस बात पर सिद्धार्थ मल्होत्रा को ब्लश करते साफ देखा जा सकता था। सलमान खान की बात पर खुद को डिफेंड करते हुए सिद्धार्थ मल्होत्रा ने कहा– आप और शादी की एडवाइज दे रहे हो? बता दें कि सिद्धार्थ मल्होत्रा और रकुल प्रीत सिंह की अपकमिंग फिल्म थैंक गॉड लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म में अजय देवगन चित्रगुप्त का किरदार निभाते नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर खूब वायरल हुआ है।

# वैशाली ठक्कर ने आत्महत्या से पहले की थी साथी एक्टर से बात

टीवी एक्ट्रेस वैशाली की मौत की खबर से हर कोई शॉक्ड है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने अपने इंदौर वाले घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। उनके पास से सुसाइड नोट मिलने की भी बात कही जा रही है। वैशाली के साथ काम करने वाले लोग सोशल मीडिया पर उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे और दुख जता रहे हैं। एक्टर विकास सेठी और उनकी पत्नी जाह्नवी राणा ने उनके निधन से एक दिन पहले वैशाली से बात की थी। उन्होंने बताया कि वह अपनी शादी की तैयारियां कर रही थीं और मुंबई आने वाली थी। इस खबर को सुनकर दोनों सदमे में हैं। वैशाली अब इस दुनिया में नहीं। उन्हें जानने वाले इस बात पर यकीन नहीं कर पा रहे हैं। उनकी करीबी जाह्नवी ने सोशल मीडिया पर वैशाली के लिए पोस्ट शेयर किया है। इसमें लिखा है, शब्द नहीं हैं. कल बात हुई थी वैशाली तुमने कहा था मैं मिलती हूं, अच्छा नहीं किया, वापस आओ। ईटाइम्स से बातचीत में जाह्नवी ने बताया, मैंने फाइनैंशियल हेल्प के लिए एक दिन पहले उसे कॉल किया था। उसने बताया था कि वह दिवाली के बाद शादी की शॉपिंग के लिए मुंबई आएगी। उसने हमारे साथ रुकने का प्लान बनाया था। उसने कहा था, हम घूमेंगे और बच्चों को लेकर भी चलेंगे। उसने करीब 5 महीने पहले मुझे मितेश के बारे में बताया था। इसके बाद मैंने भी उससे चैट और वीडियो कॉल पर बात की थी। वह काफी सुलझा हुआ और स्वीट है। जाह्नवी के पति विकास ने बताया, दिसंबर में उसकी शादी थी। दोनों परिवार डेट तय करने वाले थे। शुक्रवार को बात हुई तो बोली थी कि सब मस्त चल रहा है। शादी के पहले उसका मुंबई आने का प्लान था। उसकी मौत की खबर पहले तो हमें झूठ लगी। मैंने जाह्नवी को कहा कि उसे फोन करे। जब उसका फोन नहीं उठा तो उसके पिता के फोन पर कॉल किया। उन्होंने बताया कि अंतिम संस्कार कर रहे हैं तो हम वहीं जम गए।



# फेक न्यूज फैलाने वालों को अक्षय कुमार की चेतावनी



बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार अपने टाइट रूटीन और डिसिप्लिन के लिए जाने जाते हैं। वह एक-एक साल में 5-5 फिल्में शूट कर डालते हैं और इसमें कोई शक नहीं है कि वह इंडस्ट्री के सबसे कामयाब सितारों में गिने जाते हैं। हाल ही में जब एक रिपोर्ट में अक्षय कुमार के पास मौजूद सबसे महंगी और आलीशान चीजों के बारे में बताया गया तो अक्षय कुमार का धैर्य जवाब दे गया। एक्टर ने इस खबर पर तुरंत रिएक्शन दिया। रिपोर्ट में बताया गया था कि अक्षय कुमार के पास 260 करोड़ रुपये का प्राइवेट जेट है। इस पूरे मामले पर अक्षय कुमार ने कहा, साफ है कि कुछ लोग बड़े नहीं हुए हैं, और मैं अब उन्हें इन चीजों के लिए रियायत देने के मूड में नहीं हूं। अब आपने मेरे बारे में कोई भी झूठी या निराधार बात लिखी तो मैं आगे आकर इसका खुलासा करूंगा। सोशल मीडिया पर अक्षय कुमार का रिएक्शन उनके फैंस को पसंद आया है और उन्हें उनका झूठी खबरों का खंडन करना अच्छा लगा है। एक यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा– लंबे वक्त के बाद आपको एग्रेसिव मोड में देखकर अच्छा लगा। एक अन्य यूजर ने अक्षय कुमार के ट्वीट पर जवाब दिया– वो किंग है। अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्मों की बात करें तो वह जल्द ही फिल्म राम सेतु में काम करते नजर आएंगे। फिल्म की कहानी सच्ची घटनाओं पर आधारित है। फिल्म में अक्षय कुमार ने एक आर्कियोलॉजिस्ट का रोल प्ले किया है। उनके साथ फिल्म में जैकलीन फर्नांडिस और नुसरत भरूचा ने भी अहम किरदार निभाए हैं। फिल्म 25 अक्टूबर को रिलीज होने जा रही है।

# 600 रुपये की साड़ी पहन कंगना रनौत बोलीं– 'लोकल को करें सपोर्ट'



कंगना रनौत इस वक्त अपनी अगली फिल्म 'इमरजेंसी' में व्यस्त हैं। कंगना की फिल्म 'धाकड़' बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही जिसके बाद अब उन्हें एक हिट की जरूरत है। डीवा कही जाने वालीं कंगना अपने फैशन सेंस से सभी को प्रभावित करती हैं। उनका एयरपोर्ट लुक अक्सर वायरल होता रहता है। आमतौर पर कंगना एयरपोर्ट पर इंडियन ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आती हैं। इस बार अभिनेत्री ने एक वीडियो शेयर कर बताया कि उन्होंने महज 600 रूपये की साड़ी पहनी है। कंगना ने वीडियो इंस्टाग्राम स्टोरीज पर साझा की है। उन्होंने ग्रीन कलर की साड़ी पहनी है जिस पर ब्लैक बॉर्डर है। उन्होंने बालों को खुला रखा है और चश्मा लगाया हुआ है। कंगना ने वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'इस साड़ी को मैंने कोलकाता से 600 रुपये में खरीदा. स्टाइल अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स की गुलाम नहीं है।

# साजिद खान ने बताई गौहर से शादी टूटने की वजह

बिग बॉस 16 में आने के बाद साजिद खान से जुड़ी पुरानी सारी कॉन्ट्रोवर्सीज हाइलाइट हो गई हैं। सेक्शुअल हैरासमेंट के आरोपों के बाद अब उनका एक पुराना इंटरव्यू चर्चा में है। इसमें साजिद खान अपने पुराने रिलेशनशिप्स के बारे में बात कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि गौहर खान के साथ उनकी इंगेजमेंट हो गई थी। उन्होंने रिश्ता टूटने की वजह भी बताई। साजिद ने बताया कि क्यों कई लिंकअप्स के बाद भी उनकी शादी नहीं हो पाई। वह बताते हैं कि उस वक्त हर लड़की को आई लव यू बोल देते थे। इस हिसाब से अब तक उनकी साढ़े तीन सौ शादियां हो गई होतीं। Reddit पर शेयर किए गए वीडियो में साजिद खान किरण जुनेजा के शो कोशिश से कामयाबी तक पर हैं। किरण उनसे गौहर के साथ ब्रेकअप के बारे में पूछती हैं। वह बोलती हैं, गौहर खान के साथ तो शायद आपकी इंगेजमेंट भी हो गई थी। आप लोग शायद चार साल तक साथ थे? इस पर साजिद बोलते हैं, एक साल साथ थे। वह बहुत प्यारी लड़की है। मैं कभी किसी भी शो में नाम नहीं लेता हूं लेकिन ये इंटरनेट पर है। साजिद बताते हैं, हमारी इंगेजमेंट को मिडडे ने कवर भी किया था। उनसे पूछा गया कि इस केस में क्या गड़बड़ हुई? साजिद ने जवाब दिया, मेरा कैरेक्टर बहुत ढीला था। मैं बहुत लड़कियों के साथ बाहर घूम रहा था। उनको झूठ बोल रहा था। कभी कोई बदतमीजी नहीं की। सबको आई लव यू और विल यू मैरी मी बोलता था। अब तक मेरी कुछ साढ़े तीन सौ शादियां हो जानी चाहिए थीं। मैं जितनी भी लड़कियों के साथ अपनी लाइफ में था कई मुझे मिस करती होंगी और कई गालियां भी देती हूं। साजिद ने बताया कि प्यार में दोस्ती जरूरी होती है। इसी इंटरव्यू में साजिद बोले थे कि वह वर्किंग मदर और वर्किंग सिस्टर के साथ रहे हैं तो महिलाओं के नाम कमाने से खुशी होती है। साजिद के इस वीडियो पर उन्हें जमकर ट्रोल किया जा रहा है।





# Uber Cab लेकर बुरी फंसीं एक्ट्रेस मानवा नाइक




एक्ट्रेस मानवा नाइक के साथ हाल ही में कुछ ऐसी घटना हुई जिसे सुनकर कोई भी लड़की दहल जाएगी। मानवा ने शनिवार को घर जाने के लिए एक कैब बुक की थी जिसका अनुभव उनके लिए बहुत भयानक रहा। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इस घटना के बारे में बताया है। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि रात 8.15 पर उन्होंने बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स से यह कैब पकड़ी थी। मानवा ने बताया कि उनके कैब में बैठते ही ड्राइवर ने फोन पर किसी से बातचीत शुरू कर दी जिसका उन्होंने विरोध किया। मना करने पर ड्राइवर भड़क गया और उसने रेड लाइट तोड़ दी। पुलिस द्वारा रोके जाने पर एक्ट्रेस ने ऑफिसर्स से कहा कि वो गाड़ी को जाने दें क्योंकि पहले ही गाड़ी की फोटो खींची जा चुकी थी। इस ड्राइवर का गुस्सा और भड़क गया और वह एक्ट्रेस से बदतमीजी करने लगा। मानवा ने बताया कि ड्राइवर ने उनसे कहा– तू भरेगी क्या 500 रुपये? यह बताने पर कि वह गाड़ी चलाते हुए फोन पर बात कर रहा था ड्राइवर ने कहा– रुक तेरे को दिखाता हूं मैं। ड्राइवर ने बीकेसी के जियो गार्डन के पास अंधेरे इलाके में गाड़ी रोकने की कोशिश की जिसके बाद एक्ट्रेस ने पुलिस स्टेशन जाने की बात कही। मामला जब और ज्यादा तूल पकड़ने लगा तो मानवा चिल्लाने लगीं और तब 2 बाइक वालों और एक रिक्शा चालक ने ऊबर कैब को घेरकर मानवा को गाड़ी से बाहर निकाला। मानवा ने यह पूरा घटनाक्रम अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है और लिखा है कि वह सुरक्षित हैं लेकिन इस घटना के बाद से बहुत ज्यादा डरी हुई हैं।

# साउथ के दो स्टार्स के साथ फिल्म बनाएंगे महेन्द्र सिंह धोनी



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कैप्टन कूल कहलाने वाले महेन्द्र सिंह धोनी के फैन्स हमेशा ही उनसी जुड़ी बातों को लेकर एक्साइटिड रहते हैं। सोशल मीडिया पर धोनी के फोटोज और वीडियोज अक्सर वायरल होते हैं। फैन्स धोनी के साथ ही उनकी बेटी जीवा और पत्नी साक्षी पर भी खूब प्यार लुटाते हैं। इस बीच धोनी से जुड़ी एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसे सुनकर सिनेमा लवर्स भी खुश हो जाएंगे।

एम एस धोनी, साउथ इंडियन सिनेमा के दो बड़े स्टार्स के साथ फिल्म बनाने की तैयारी कर रहे हैं। दरअसल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक माही जल्दी ही सिनेमा के फील्ड में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि धोनी, साउथ इंडस्ट्री से अपनी फिल्मों की शुरुआत करेंगे और अपने पहले प्रोजेक्ट में धोनी ने साउथ के सुपरस्टार एक्टर्स थलापति विजय और महेश बाबू को लेने की योजना बनाई है। बतौर प्रोड्यूसर धोनी ने अपनी फिल्म में मलयालम फिल्म इंडस्ट्री से एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन और कन्नड़ इंडस्ट्री से किच्चा सुदीप को भी कास्ट करने की तैयारी की है। याद दिला दें कि कुछ वक्त पहले ऐसी खबरें आ रही थीं कि अपनी पहली फिल्म में धोनी, एक्ट्रेस नयनतारा को भी कास्ट करेंगे, लेकिन ऐसा होता दिख नहीं रहा है। सीएनबीसी न्यूज 18 की एक रिपोर्ट के मुताबिक धोनी की आइपीएल टीम चेन्नई सुपरकिंग्स से जुड़े एक सूत्र ने कहा कि माही खुद थलापति विजय की फिल्म में कैमियो भी करते नजर आ सकते हैं। धोनी को फिल्मों में बतौर एक्टर देखना हर फैन का ड्रीम कम ट्रू सिचुएशन होगा। गौरतलब है कि धोनी का एक प्रोडक्शन हाउस है, जिसका नाम एमएस धोनी एंटरटेनमेंट है। इस प्रोडक्शन हाउस को धोनी के साथ ही साथ उनकी पत्नी साक्षी भी मैनेज करती हैं। जानकारी के मुताबिक इसका नया ऑफिस चेन्नई में बन रहा है। याद दिला दें कि इस प्रोडक्शन हाउस से रोर ऑफ लायन,द हिडन हिंदू और ब्लेज टू ग्लोरी जैसी तीन छोटे बजट की फिल्में बन चुकी हैं।




## युवाओं के 'विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन' में बोले आप पार्टी के यूपी प्रभारी संजय सिंह-पीटीई परीक्षा हो बंद

# 'पीटीई का एक्जाम नौजवानों की पीठ पर छुरा मारने की कार्यवाही'

जय हिन्द संवाद





**नोएडा।** आम आदमी पार्टी ने यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना के नेतृत्व में पश्चिम प्रांत के युवाओं का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें पार्टी के यूपी प्रभारी सांसद संजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे और युवाओं को संबोधित किया।

इस मौके पर निकाय चुनाव समिति के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह और पश्चिम प्रांत अध्यक्ष सोमेंद्र ढाका मौजूद रहे।

सांसद संजय सिंह ने सम्मेलन में पीटीई परीक्षा की चर्चा करते हुए कहा कि 37 लाख युवाओं ने परीक्षा के लिए आवेदन दिया है जबकि यह परीक्षा नौकरी प्राप्त करने के लिए नहीं है बल्कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार यह परीक्षा अपनी योग्यता साबित करने के लिए है कि क्या युवा लेखपाल, क्लर्क या कोई अधिकारी बनने के योग्य है या नहीं।

आप सांसद संजय सिंह ने पीईटी की परीक्षा की आलोचना करते हुए कहा कि जब देश में मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, सांसद, विधायक, शिक्षा मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री बनने के लिए कोई परीक्षा और किसी योग्यता की जरूरत नहीं है तो इंजीनियरिंग, एमबीए, एमकॉम, बीकॉम करने वाले युवाओं को आखिर क्यों साबित करना पड़ रहा है कि वह क्लर्क और लेखपाल जैसी नौकरियों के लिए पहले पीईटी परीक्षा के माध्यम से अपनी योग्यता साबित करें। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि उनके पास कौन सी डिग्री है जो आज के युवाओं को अपनी योग्यता साबित करने के लिए ट्रेन के धक्के खाकर परीक्षा देनी पड़ रही है। उन्होंने अपील की कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आप यूथ विंग और छात्र विंग द्वारा इस परीक्षा के विरोध में धरना प्रदर्शन और आंदोलन होना चाहिए जिससे कि ऐसी बेबुनियाद परीक्षाएं रुक सके।

आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार से अगर युवा कहते हैं कि नौकरी दे दो तो कहती है कि पैसा नहीं है, किसान जब कहता है कि बिजली मुफ्त कर दो तो कहती है कि हमारे पास पैसा नहीं है, जमीनों का मुआवजा मांगने पर भी कहती है पैसा नहीं है, महंगाई से हर इंसान परेशान है चाहता है कि वस्तुओं के दाम कम हो तो सरकार कहती है कि नहीं ऐसा नहीं हो सकता तो आखिर कब तक इस प्रकार भाजपा जनता को लूटेगी और मासूमों का शोषण करती रहेगी।

सांसद संजय सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी को पूंजीपति विचारधारा का व्यक्ति बताते हुए कहा कि उन्होंने सारा पैसा उठा कर अपने पूंजीपति मित्रों अडानी और अंबानी को दे दिया। उन्होंने कहा कि लाखों करोड़ रुपए का कर्जा इन पूंजी पतियों को दिलवा कर मोदी जी ने बैंकों से माफ भी करवा दिया। उन्होंने कहा कि पूर्ण रूप से शोषण करने वाली सरकार है जो मध्यमवर्गीय और शोषित वर्ग की जरा भी चिंता नहीं करती है। भाजपा सरकार सिर्फ पूंजीपतियों के लिए काम करती है उन्होंने कहा कि जनता में त्राहि-त्राहि मची है ।

सम्मेलन में प्रमुख रूप से निवर्तमान प्रदेश महासचिव दिनेश पटेल,व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ छवि यादव ,सांस्कृतिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष बोइसाली सिन्हा, यूथ विंग प्रदेश महासचिव अंकित परिहार, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह जादौन जिला महासचिव राकेश अवाना जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल चेची,जिला प्रवक्त ऐ के सिंह सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष के साथ बनाई आगामी रणनीति, पंचायत में लिया निर्णय

# मांगें नहीं मानी गई तो धरना स्थल पर ही मनाएंगे दिवाली

जय हिन्द संवाद



**ग्रेटर नोएडा।** किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर यमुना एक्सप्रेस वे के जीरो पॉइंट के समीप धरने के तीसरे दिन पंचायत हुई। जिसकी अध्यक्षता कृष्ण कुमार शर्मा ने की एवं संचालन राजीव मलिक ने किया। किसानों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि यदि उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वह धरने स्थल पर दिवाली का त्यौहार मनाएंगे।

किसान यूनियन के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा रविवार को धरना स्थल पर पहुंचे। किसानों से वार्ता कर आगे धरने की रणनीति बनाई और कहा धरने को शांति पूर्वक चलाते रहें। आने वाले समय में प्राधिकरण के खिलाफ अगर पूरे प्रदेश में आंदोलन करना प ?गा तो पूरे उत्तर प्रदेश के किसान मजदूर आपके साथ है। प्रदेश सरकार गोली की नोक पर धरना समाप्त नहीं करा सकती। धरने का समाधान सिर्फ वार्ता कर किसानों की मांगों को पूरा किया जाए। पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना ने कहा कि सोमवार को तय समय के अनुसार किसानों की ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ वार्ता होगी। किसानों को 64.7 बड़ा हुआ मुआवजा और 10 परसेंट प्लॉट देना पड़ेगा। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुभाष चौधरी ने किसानों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में महापंचायत में पहुंचने की अपील की है। मीडिया प्रभारी सुनील प्रधान ने कहा प्राधिकरण के अधिकारी किसानों को बरगला रहे हैं। अगर किसानों की मांगें नहीं मानी गई तो आंदोलन जारी रहेगा। किसान दिवाली भी धरना स्थल पर ही मनाएंगे।

इस मौके पर मटरू नागर, अनित कसाना, युवा नेता मोहित कसाना, राजे प्रधान, परविंदर अवाना, सुरेंद्र ढाक, महेश खटाना, योगेश भाटी, बेली भाटी, योगेश शर्मा, विनोद शर्मा, राकेश ठेकेदार, संदीप खटाना, सुंदर खटाना, ज्ञानी सरपंच, विनोद अधाना, दीपक शर्मा, सोहित चौधरी, सोभी गुज्जर, विपिन तंवर, सुमित तंवर, रोबिन नागर, नरेंद्र नागर ,भगत सिंह, जोगिंदर चेची, सुभाष सिलारपुर, जिते बैसला, जयवीर नागर, सुंदर बाबा, संदीप अवाना, पीतम नागर, इंद्रजीत कसाना, सुभाष सिलारपुर चंद्रपाल बाबूजी, रिछपाल नागर मौजूद रहे।

# सेक्टर-39 आरडब्ल्यूए ने किया दिवाली मेला का आयोजन



जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** मेला का आयोजन सेक्टर 39के मंदिर के सामने वाले क्रीडा स्थल में बड़े स्तर पर किया गया। मेले में 3000 से भी ज़्यादा अतिथियों ने आनंद लिया और जिसमे सेक्टर में रहने वाले और बाहर के सेक्टर वाले अतिथियों ने भी भाग लिया। ओएनजेसी और बीसीएनएल सोसाइटी में रहने वालों ने भी जोर-शोर से इस मेले में भाग लिया।

इस दौरान रविकान्त मिश्रा, नरेन्द्र चोपड़ा जनशक्ति सेवा समिति ने भी कार्यक्रम में आकर अपना महत्वपूर्ण समय दिया। इस दौरान फ़ोनरवा अध्यक्ष योगेंदेर शर्मा, जनरल सेक्रेटरी केके जैन, पवन यादव वरिष्ठ वाईस प्रेसिडेंट और नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने भी मेले की शोभा बढ़ाई।

दिवाली मेला के आयोजन का बहुत प्रशंसा मिली और अशोक खन्ना प्रेसिडेंट, टीएस अरोड़ा, जनरल सेक्रेटरी, राहुल नैयर, वाईस प्रेसिडेंट दीपक वार्ष्णेय, अरुण गुप्ता, संदीप मल्होत्रा, बृजेश गोयल, पीपी अग्रवाल, पवन अग्रवाल और संजय गोयल, अजय भूटानी, शम्मी अरोरा आदि मौजूद रहे।

# आगामी त्यौहारों को लेकर अफसरों ने पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर के निर्देशानुसार सभी जोन के डीसीपी, सभी एडीसीपी के नेतृत्व में सभी एसीपी व थाना प्रभारियों द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में पैदल मार्च करते हुए संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की तलाश हेतु सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस कर्मियों द्वारा आसपास के जनपदों के बॉर्डर पर मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के उद्देश्य से सभी वाहनों की तलाशी ली जा रही है एवं नियमों का पालन न करने वाले लोगों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई भी की जा रही है।

पुलिस अधिकारीगण द्वारा मेट्रो स्टेशन, मॉल्स व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों व सुरक्षा कर्मियों को चेक किया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही है एवं ऐसे लोगों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई भी की जा रही है। महिला सुरक्षा इकाई टीम द्वारा भ्रमणशील रहते हुए महिलाओं से संवाद किया जा रहा है एवं महिला हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूक किया जा रहा है। पैदल मार्च के दौरान पुलिस अधिकारीगण द्वारा वरिष्ठ नागरिकों/महिलाओं से संवाद करते हुए उनसे समस्याओं के बारे में पूछते हुए पुलिस हेल्पलाइन नंबर साझा किए जा रहे है।



## नोएडा स्टेडियम में टी-20 नॉक-आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

# पौड़ी लायंस ने उत्तराखंड इलैवन को हराया


जय हिन्द संवाद



**नोएडा।** खेलेगा उत्तराखंड जीतेगा इंडिया स्वर्गीय विरेन्द्र सिंह राणा की स्मृति में माता पार्वती देवी चैरिटेबल ट्रस्ट, उत्तराखंड जन मोर्चा एवं देवभूमि स्पोर्टस फाउंडेशन द्वारा आयोजित टी-20 नॉक-आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ नोएडा स्टेडियम में रंगारंग सांस्कृतिक के साथ हुआ। बड़ी संख्या में पहुंचे खेल प्रेमियों ने यहाँ खेल के साथ साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी लुफ्त उठाया।

मुख्य अतिथि कुलपति स्वामी विवेकानन्द सुभारती विवि, सेवानिवृत्त मेजर जनरल डॉ. गोपाल कृष्ण थपलियाल एवं विशिष्ट अतिथि भारत सरकार प्रधानमंत्री कार्यालय अपर सचिव आईएएस मंगेश घिल्डियाल एवं वरिष्ठ समाजसेवी आदित्य घिल्डियाल ने संयुक्त रूप से सिक्का उछाल कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा, 'क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्देश्य है कि खेलों को नया आयाम मिले और प्रतिभाओं को बेहतर मौके मिले। खेल आपसी भाईचारे का प्रतीक है।' इस दौरान माता पार्वती देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने मुख्य अतिथियों का स्वागत फूल की माला पहनाकर किया। इस मौके पर अपर सचिव मंगेश घिल्डियाल ने कहा कि क्रिकेटखेल में हमेशा संघर्ष करने की सीख मिलती है खेल से न सिर्फ शारीरिक बल्कि बौद्धिक क्षमता का भी विकास होता है। क्रिकेट कार्यक्रम में अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने उत्तराखंडी ढोल दामाऊ बजा कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा कर शुभकामनाएं दी। आयोजनकर्ता महावीर सिंह राणा एवं सीमा रावत ने बताया कि इस पूरे टूर्नामेंट में उत्तराखंड से कुल 32 टीम भाग ले रही है जिसका समापन 20 नवंबर को इसी स्टेडीयम में होगा।

क्रिकेट कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी हरिपाल रावत, अनुज अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, कैप्टन विकास गुप्ता, एनपी सिंह, सचिन अम्बावता, रजनीश अग्रवाल, हरीश असवाल, सुबोध थपलियाल के अलावा काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।




जे. एच. जे. कम्यूनिकेशन प्रा.लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मोहम्मद इमरान द्वारा सी-65, सेक्टर-9 नोएडा, से प्रकाशित व बीएफएल इंफोटेक लि., सी-9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। संपादक मोहम्मद आजाद (RNI No. : UPHIN/05/14445), ( सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गौतमबुद्ध नगर में होगा ) फोन नं. 9311220786. फैक्स : 0120:4267616. Email: jaihindjanab00@gmail.com